# City 24 News
## शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 18 | पेज 8 | वीरवार 18 जनवरी, 2024 | संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर गुरुद्वारा लखनौर साहिब में मत्था टेक कर लिया गुरु का आशीर्वाद

### देश और प्रदेशवासियों की समृद्धि के लिए की अरदास

### अपने गुरुओं की बहादुरी, पराक्रम, कुर्बानियों व बलिदान युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणा का स्त्रोत : मनोहर लाल



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर बुधवार को जिला अंबाला में गुरुद्वारा लखनौर साहिब में मत्था टेक कर गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और देश व प्रदेशवासियों की समृद्धि, भलाई व खुशहाली के लिए अरदास की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित साध संगत को गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाई देते हुए कहा कि आज सारे देश में गुरु गोबिन्द सिंह जी का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा लखनौर साहिब जोकि गुरु गोबिंद सिंह जी का ननिहाल है और यहां पर उनकी व उनकी माता की भी यादें इस गुरुद्वारा में संजोकर रखी हुई हैं। इस अवसर पर यहां आकर वह अपने आपको गौरवानवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम अपने गुरुओं की बहादुरी, पराक्रम, कुर्बानियों व बलिदानों को याद करते हैं तो वह युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणा का स्त्रोत हैं। श्री गुरु गोबिन्द सिंह व उनके परिजनों का इतिहास व पराक्रम हम सबको प्रेरणा दे रहा है। देश, धर्म व कोम के लिये बलिदान देना कितना जरूरी है, यह हमें अपने गुरुओं के इतिहास से पता चलता है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी व उनकी माता की यादें जिस कमरे में संजोकर रखी गई, उस कमरे का भी अवलोकन किया। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुद्वारा साहिब की पार्किंग में टाइलें व ऐतिहासिक कुएं के सौंदर्यीकरण करने के लिए सम्बनधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिये। इससे पहले विधायक श्री असीम गोयल नन्यौला ने अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र की ओर से मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर स्वागत करते हुए श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव की सभी को लख-लख बधाई दी। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों व हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, विधायक श्री असीम गोयल व भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा को सिरोपा, तलवार व गुरु गोबिंद सिंह जी का चित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर मंडलायुक्त रेनू एस. फुलिया, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भूपेन्द्र सिंह असंध, विनर सिंह, टी.पी. सिंह, कंवलजीत सिंह, गुरुद्वारा लखनौर साहिब कमेटी के प्रधान हरभजन सिंह के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नहीं दिए 28 करोड़ .. तो विधायक नीरज शर्मा ने कफन सिलवाकर पहन लिया

### विधायक नीरज शर्मा का यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सरकारी आवास संत कबीर कुटी के बाहर वस्त्र त्यागने का था लेकिन चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें एमएलए हॉस्टल परिसर से बाहर निकलने नहीं दिया

### विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि हां जब तक उनके इलाके की मूलभूत जरूरत को पूरा करने के लिए खट्टर सरकार 28 करोड रुपए जारी नहीं करती है तब तक वह यही चोगा धारण करेंगे



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा के विधायक नीरज शर्मा ने बुधवार को अपने वस्त्र त्याग कर कफ़न सिलवाकर पहन लिया। विधायक नीरज शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए मांगे गए 28 करोड़ रुपए न मिलने से नाराज थे।

हालांकि विधायक नीरज शर्मा का यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सरकारी आवास संत कबीर कुटी के बाहर वस्त्र त्यागने का था लेकिन चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें एमएलए हॉस्टल परिसर से बाहर निकलने नहीं दिया। बड़ी तादाद में जुटे मीडिया कर्मियों के समक्ष श्री शर्मा ने वहीं एमएलए हॉस्टल के बाहर सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष अपने पहने हुए वस्त्र त्याग कर कफन का सिला हुआ चोगा धारण कर लिया इस पर जय सिया राम और स्वास्तिक के साथ एनआईटी 86 की जन समस्याओं की तस्वीर और समस्या का कारण छपा हुआ है।

नीरज शर्मा ने कहा कि अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए वह लगातार संघर्ष करते रहे हैं जब फरीदाबाद नगर निगम में 200 करोड़ का घोटाला हुआ तब भी नीरज शर्मा ने दोषियों की गिरफ्तारी के लिए 54 दिन सिले हुए वस्त्र और जूते का त्याग किया था। अब उनके विधानसभा क्षेत्र की जनता नारकीय जीवन जी रही है नगर निगम के पास पैसे नहीं है और जब उन्होंने कमिश्नर नगर निगम, डायरेक्टर अर्बन लोकल बॉडीज और सेक्रेटरी व विभाग के मंत्री से फाइल पास कराकर मुख्यमंत्री के पास भिजवाई तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस फाइल पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया विधायक नीरज शर्मा ने इस मामले को हरियाणा विधानसभा में भी उठाया था और माननीय विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष विभाग के मंत्री कमल गुप्ता ने 1 महीने के भीतर इस फाइल के पास हो जाने का आश्वासन दिया था। 16 जनवरी को एक माह पूर्ण होने के बाद आज 17 जनवरी 2024 को विधायक नीरज शर्मा ने अपने वस्त्र त्याग कर कफन का चोला धारण कर लिया। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि इसमें से बहुत सारी समस्याएं वह है जिनके निराकरण का आश्वासन माननीय मुख्यमंत्री ने अपनी खुद की घोषणाओं में दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि माननीय मंत्री सदन में कहते हैं कि 600 करोड रुपए से ज्यादा नगर निगम के पास पड़ा है तो फिर मात्र 28 करोड़ रूपया उनकी विधानसभा की मूलभूत सुविधाओं के लिए क्यों खर्च नहीं किया जा रहा है उनके इलाके में लोग खुले हुए सीवर और नालों में गिरकर मर रहे हैं लेकिन सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। जब विधायक नीरज शर्मा से पूछा गया कि क्या आगामी विधानसभा सत्र में भी वह यही वस्त्र पहनकर विधानसभा के भीतर जाएंगे तो विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि हां जब तक उनके इलाके की मूलभूत जरूरत को पूरा करने के लिए खट्टर सरकार 28 करोड रुपए जारी नहीं करती है तब तक वह यही चोगा धारण करेंगे।

# कांग्रेस जनसंदेश यात्रा का श्रीगणेश : राजनीति में बदलाव की जरूरत, हिसार मेरा घर, मैं हिसार की बेटी : सैलजा



**सिटी 24 न्यूज**

**हिसार।** कांग्रेस के तीन वरिष्ठ नेताओं सुश्री सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और श्रीमती किरण चौधरी, जिन्हें मीडिया ने एसआरके का नाम दिया है, आज से हरियाणा में कांग्रेस जनसंदेश यात्रा हिसार की सब्ज़ी मड़ी से शुरू की, जिसमें रणदीप सुरजेवाला अपने बेटे के किसी मंगल कार्यक्रम के चलते भाग नहीं ले पाये! पहली यात्रा पर कांग्रेस की पूर्व केंद्रीय मंत्री व उत्तराखण्ड कांग्रेस की प्रभारी सुश्री सैलजा ने गुरु गोबिंद सिंह के सबद का उदाहरण देते कहा कि

देह शिवा वर मोहे इहे, शुभकरनम् से कबहूँ न टरौं!

सुक्षश्री सैलजा् ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी ने मणिपुर से न्याय यात्रा शुरू की है और हम उनका संदेश जनता तक पहुँचाने के लिए आज से जनसंदेश यात्रा शुरू कर रहे हैं, जो हरियाणा के सभी दस लोकसभा क्षेत्रों में यह यात्रा चलेगी और अठारह फरवरी को अम्बाला में संपन्न होगी। सुश्रु सैलजा ने कहा कि आज देश की राजनीति में बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई आसमान पर है और देश को ऐसी सरकार मिली जिसकी बुनियाद ही कमज़ोर है! झूठे वादों की सरकार से कोई उम्मीद नहीं! हरियाणा में घोटालों की सरकार है। इसलिए हम संघर्ष के लिए निकले हैं! हम संघर्ष करेंगे र राजनीति में बदलाव लायेंगे।

सुश्री सैलजा ने बहुत भावुक अपील करते कहा कि यह मेरा अपना हिसार है और मैं इसकी बेटी हूँ! बस, आप साथ दीजिये, आपकी सरकार बनेगी आपका राज होगा। सुश्री सैलजा ने जनसभा को संबोधित करने से पहले अम्बेडकर, बाल्मीकि और ज्योति फुले को भी याद किया!

इनसे पूर्व तोशाम से विधायक व पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने जनसभा को संबोधित करते कहा कि यह जनसभा इतिहास रचेगी और उन्होंने ने कहा कि आज से समर्पित कार्यकर्ता संघर्ष के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं, संघर्ष से ही जीत मिलती है, फिर डर कैसा?

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन ने जंनसभा में सुश्री सैलजा को भावी मुख्यमंत्री कह कर संबोधित किया! पूर्व मुख्यमंत्री चौ भजन लाल के बेटे ने खुलेआम सैलजा का समर्थन किया। रोहतक से कांग्रेस के पूर्व मंत्री सुभाष बतरा ने कहा कि सैलजा बड़ी जुझारू नेता हैं। और आज जो इस मंच पर बैठे हैं, कल उन्हीं का राज बनने जा रहा है। पंचकूला से आये शमशेर गोगी ने कहा, कि देश में गोडसे और महात्मा गाँधी की विचारधारा की लड़ाई चल रही है! यह न्याय की लड़ाई राहुल गाँधी ने शुरू की है, जिसका संदेश लेकर हम लोगों के बीच जा रहे हैं!

संचालन डॉ अजय सिंह ने किया जबकि इसमें प्रदीप चौधरी, रेणु बाला, रामकिशन गुजर, चरणजीत रोड़ी, बलवान दौलतपुरिया, राजपाल भूखड़ी, रणधीर धीरा, रिसाल सिंह, राय सिंह, हरपाल बूरा, लालबहादुर खोवाल, जगदीश जिंदल, मंगल गालिया, जे के खैर वाले, शैली चौधरी और भूपेन्द्र गंगवा आदि मौजूद थे।। जनसभा का सारा जिम्मा रामनिवास राड़ा की ओर से था, जिसकी सैलजा ने खूब तारीफ की। मीडिया प्रभारी मुकेश सैनी ने भी मीडिया से लगातार सम्पर्क बनाये रखा।

जनसभा में शमशेर गोगी, प्रदीप चौधरी, रेणु बाला, शैली चौधरी, चंद्रमोहन, रामकिशन गुजर, चरणजीत रोड़ी, अत्तर सिंह सैनी, बलवान दौलतपुरिया, राजपाल भूखड़ी, रणधीर धीरा, रिसाल सिंह, डॉ अजय चौधरी, राय सिंह गुज़र, लालबहादुर खोवाल, डॉ अजय चौधरी, सुभाष बतरा, मुकेश सैनी आदि मौजूद रहे!

जनसभा के मंच पर लगे बड़े पोस्टर में जहां कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी, नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित हरियाणा की नयी त्रिमूर्ति सुश्री सैलजा, किरण चौधरी व रणदीप सिंह सुरजेवाला के फोटोज तो थे लेकिन हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान व नेता प्रतिपक्ष व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के फोटोज गायब थे, जो कांग्रेस की छवि दिखाने के लिए काफी रहे।

# कृषि व किसानों की प्रगति हेतु प्रदेश सरकार क्लस्टर मोड पर बनाएगी पायलट परियोजनाएं

### मुख्यमंत्री ने की हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता

### अधिकारियों को दिए निर्देश, फसल विविधीकरण, सूक्ष्म सिंचाई योजना व अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों के लिए क्लस्टर मोड पर तैयार की जाए पायलट योजनाएं




**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कृषि व किसानों की प्रगति हेतु प्रदेश सरकार अब क्लस्टर मोड पर पायलट परियोजनाओं की रूपरेखा बना रही है, जिससे फसल विविधीकरण, सूक्ष्म सिंचाई योजना, पशु नस्ल सुधार व अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती व सहकारी खेती की ओर किसानों का रुझान बढ़ाने के लिए भी हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण नई योजनाएं तैयार करेगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज यहां हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की जनरल बॉडी की तीसरी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री रणजीत सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जे. पी दलाल, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र सिंह बबली और हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो व हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति के चेयरमैन श्री सुभाष बराला उपस्थित रहे।

मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चूंकि आज के समय में जोत भूमि छोटी होती जा रही है, इसलिए छोटे व सीमांत किसानों की आय में वृद्धि व प्रगति के लिए परंपरागत खेती के साथ-साथ नये दौर की कृषि प्रणाली अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में आज अपार संभावनाएं हैं, जिससे किसान व पशुपालक बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, किसानों को सहकारिता खेती अवधारणा की और बढ़ने की आवश्यकता है, जिससे कई किसान मिलकर एक साथ खेती करें, इससे छोटी जोत भूमि की समस्या भी खत्म होगी और किसान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की दिशा में भी बढ़ सकेंगे। इसलिए प्राधिकरण संबंधित विभागों के साथ मिलकर पायलट योजनाएं तैयार करे। इजरायल की तर्ज पर सहकारिता खेती के लिए अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित करें।

**समेकित खेती के लिए तैयार करें डेमोस्ट्रेशन फार्म**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने फसल विविधीकरण व जल संरक्षण के लिए मेरा पानी मेरी विरासत योजना व डीएसआर तकनीक से धान की बिजाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन दे रही है, ताकि किसान परंपरागत खेती से हटकर अन्य फसलों की ओर जाएं। उन्होंने कहा कि विभाग समेकित खेती के लिए भी डेमोस्ट्रेशन फार्म तैयार करे और किसानों को ऐसे फार्म का दौरा करवाकर इस विधि की विस्तृत जानकारी दें। उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर निरंतर कम हो रहा है। कई जगह यह स्तर 100 मीटर से भी गहरा चला गया है और हर वर्ष लगभग 10 मीटर नीचे जा रहा है। इसलिए ऐसे क्षेत्रों में सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं स्थापित करने पर जोर दिया जाए। जहां पर भू-जल स्तर 30 मीटर है, वहां पर भी कृषि नलकूपों को शत-प्रतिशत सौर ऊर्जा पर लाया जाए, राज्य सरकार इसके लिए नई सबसिडी देने को भी तैयार है। पानी और बिजली पर जितना भी खर्च होगा, सरकार उसे वहन करने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवालिक व अरावली पर्वत श्रृंखला में बरसात के पानी के संरक्षण के लिए रिजर्वायर बनाया जाना चाहिए ताकि पहाड़ों से आने वाले पानी का एकत्रित किया जा सके और बाद में इसे सिंचाई व अन्य आवश्यकताओं के लिए उपयोग किया जा सके। उन्होंने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए पायलट परियोजना तैयार करें।

मनोहर लाल ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य के साथ साथ अनाज की गुणवत्ता की जांच भी जरूरी है। आज उर्वरकों व कीटनाशकों के अत्याधिक उपयोग से उत्पन्न होने वाले अनाज से कई गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। इसलिए हमें केमिकल रहित अनाज पैदा करने की ओर बढ़ना होगा। इसका उपाय प्राकृतिक खेती ही है। जो पंचायत अपने गांव को केमिकल फ्री खेती वाला गांव घोषित करेगी, उसके हर प्रकार की फसल की खरीद सरकार सुनिश्चित करेगी, इसके लिए एमएसपी के अलावा 10 से 20 प्रतिशत अधिक मूल्य पर खरीद होगी। फसल की ब्रांडिंग, पैकेजिंग खेतों में ही होगी।

**नई गौशालाओं के लिए 300 करोड़ रुपये से अधिक का दिया बजट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन एवं डेयरी तथा विकास एवं पंचायत विभाग, सामाजिक संस्थाएं व गौ सेवा आयोग नई गौशालाएं खोलने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता करे। जहां जहां पंचायती विभाग की जमीन उपलब्ध है, वहां पर नई गौशालाएं खोली जाएं। आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाया जाएगा और सामाजिक संस्थाओं को गौशालाएं संचालित करने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि गौ वंश के संरक्षण व गो धन की देखभाल हेतु गौ सेवा आयोग का बजट 40 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये किया है। इसमें 300 करोड़ रुपये नई गौशालाएं स्थापित करने के लिए आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि सांझी डेयरी अवधारणा के तहत भी पशुपालक डेयरी व्यापार करने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रीन कवर को बढ़ावा देने हेतु योजना बनाई है, जिसके तहत स्थानीय युवा 3 वर्ष तक वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधे की देखभाल करेगा। इन्हें वन मित्र कहा जाएगा। इसके लिए विभाग हर गांव में 500 से 700 पेड़ों को चिह्नित कर वन मित्रों को सौंपे। हर पेड़ की देखभाल के लिए वन मित्र को 10 रुपये प्रति पेड़ प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वन विभाग के अधिकारी वन मित्र के लिए एसओपी भी तैयार करे।

बैठक में मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्त आयुक्त, राजस्व श्री टीवीएसएन प्रसाद, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अंकुर गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद मोहन शरण, सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजा शेखर वुंडरू, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग, विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनिल मलिक और मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़ सहित वर्किंग ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे।

# 2 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी सूरज कुंड मेले का उद्घाटन

**3 फरवरी को उपराष्ट्रपति करेंगे मेले में शिरकत।**

**40 देश लेंगे मेले में भाग, कई देशों के राजदूत भी करेंगे शिरकत**



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डॉक्टर अरविंद यादव ने कहा कि 37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। डॉक्टर अरविंद यादव फ़रीदाबाद के सूरजकुंड परिसर में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राप्ट मेले की तैयारियों को लेकर रेवाड़ी में जानकारी दे रहे थे। श्री यादव ने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने ने बताया कि इस बार के मेले में अधिक विदेशी कलाकार एवं मेहमान आएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में एक हजार से ज्यादा स्टाल तैयार किए गए हैं ऐसे में इतने ही क्राफ्ट्समैन इस मेले में शिरकत करेंगे। पुलिस विभाग मेले की सुरक्षा को लेकर अलग से सुरक्षा प्लान तैयार करेगा। इस दौरान मेले में सुरक्षा के लिए 100 अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे जिससे इनकी संख्या बढ़कर 350 हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि मेले में आम जनता के लिए तीन गेट रहेंगे। वहीं एक गेट वीवीआईपी, वीआईपी व एक गेट मीडिया इंट्री के लिए रहेगा। प्रत्येक गेट पर पूरी तरह से सुरक्षा जांच की व्यवस्था की जाएगी। वहीं प्रत्येक टिकट पर बार कोडिंग की व्यवस्था होगी। मेले में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे । प्रशासन और पुलिस की तरफ से नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। सुरक्षा को लेकर पूरा मेला परिसर, पार्किंग स्थल व आस-पास की जगहें हाईस्पीड सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगी। सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर में एक अस्थाई पुलिस लाईन भी बनाई जाएगी। जहां प्रतिदिन 3000 से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। मेला सुबह 10 बजे शुरू हो कर रात 08 बजे तक रहेगा। वहीं बड़ी चौपाल व छोटी चौपालों पर लगातार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुती देंगी। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी।

# हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : डीसी

## श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पंजीकरण सुविधा की शुरू



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोडने.के लिए बनाया गया है। डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा जहां श्रमिक अपने हुनर की पूरी जानकारी रजिस्टर करेंगे, जिसकी मदद से नियोक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर सकेंगे। डीसी ने बताया कि कोई भी श्रमिक eshram.gov.in पर स्वयं पंजीकरण कर सकता है या निकटतम सामान्य सेवा केंद्र या सरल केंद्र पर जा सकता है। पंजीकरण के बाद श्रमिक अपनी जरूरत अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकते हैं। अब अप्रवासी श्रमिक भी श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें और विभाग द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठायें।

डीसी ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर छोटे और सीमांत किसान, खेतिहर मजदूर, बटाईदार, मछुआरे, पशुपालन के क्षेत्र में शामिल लोग, बीड़ी बनाने वाले, लेबलिंग और पैकिंग, भवन और निर्माण श्रमिक, चमड़े उद्योग के क्षेत्र में शामिल श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, बुनकर, बढ़ई, नमक श्रमिक, ईट भट्टों और पत्थर खदानों में काम करने वाले श्रमिक, श्रमिक आराघर, घरेलू कामगार, नाई, सब्जी और फल विक्रेता, समाचार पत्र विक्रेता, रिक्शा चालक, ऑटो चालक, रेशम उत्पादन श्रमिक, टेनरी श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, एमएनजीआरजीए श्रमिक, आशा वर्कर्स, दूध देने वाले किसान, प्रवासी श्रमिक भी ई श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने की पात्रता मानदंडों के अनुसार श्रमिक की आयु 16-59 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वह श्रमिक ईपीएफओ और ईएसआईसी का सदस्य नहीं होना चाहिए और न ही आयकर दाता नहीं होना चाहिए। श्रमिक अपने आधार नंबर, मोबाइल नंबर, आधार लिंक बैंक खाता इत्यादि से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# किन्नर के घर पर चोरों ने गहने व नकदी पर किया हाथ साफ

## गुरु की गद्दी पर रखी अंगूठी, चेन व कैश हुआ चोरी



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी शहर स्थित एक किन्नर के घर में रुपए की चोरी हो गई। घर कई दिनों से बंद था। चोरों ने घर से सोने के गहने और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इतना ही नहीं चोर घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़ ले गए। थाना रामपुर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला कुतुबपुर निवासी सनम चेला रुखसार महंत ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ कुतुबपुर स्थित बुद्ध माता चौक वाले मकान में रहती है। 15 दिन पहले वह अपने गुरु रुखसार महंत के पास दुर्गा कॉलोनी वाले मकान में चली गई। इस मकान पर ताला लगा हुआ था। सुबह पड़ोसियों ने उसके मकान का ताला बाहर से टूटा देख उसे सूचना दी।

सूचना के बाद वह अपने गुरु रुखसार के साथ मौके पर पहुंची। चोरों ने उसके पूरे मकान को खंगाला हुआ था, अलमारी का सामान इधर उधर बिखरा पड़ा मिला। एक कमरे का अंदर से ताला भी तोड़ा हुआ था और घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी गायब था। सामान चेक करने पर एक गुल्लक में रखे 25 हजार की नकदी, 5 ग्राम सोने की एक चैन, दो ग्राम सोने की अंगूठी गायब मिली। सोने की चेन और अंगूठी हमेशा गुरु की गद्दी पर रखी रहती थी। सनम ने इसकी सूचना तुरंत थाना रामपुर पुलिस को दी। रामपुरा पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# गुरु गोविंद सिंह का धर्म की रक्षा के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा : डॉ. आरके विश्वकर्मा



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व 357 वीं वर्षगांठ की पर स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा सरकार एवं ग्रीन इंडिया- क्लीन इंडिया अभियान के तत्वाधान में पुष्पांजलि अर्पित कर वाहेगुरु की खालसा, वाहेगुरु की फतेह भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ रेजांगला स्मृति स्थल पर आयोजित संगोष्ठी में सांयकाल दीपोत्सव के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर जया शर्मा ने कहा खालसा पंथ और खालसा वाणी के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह ने देश और धर्म की रक्षा और मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वे एक बहादुर योद्धा, कवि और आध्यातमिक महापुरुष थे। उन्होंने कहा वह एक महान योद्धा होने के साथ कई भाषाओं के जानकार और विद्वान थे।उन्होंने कहा गुरु गोविंद सिंह के बाद ही गुरु ग्रंथ साहिब को सर्वोच्च गुरु का दर्जा दिया गया था।10वें गुरु की परंपराओं के बाद ही गुरु ग्रंथ साहिब को पवित्र और अहम माना गया है। सामाजिक कार्यकर्ता जोहरी सिंह ने कहा ईश्वर ने हमें अच्छे कर्म और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने हेतु जन्म दिया है।आरडब्लूए सेक्टर- 3 के पूर्व अध्यक्ष सर्वसुख यादव ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ.आर.के.जांगड़ा विश्वकर्मा, सदस्य स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा सरकार एसटीएफ ने कहा गुरु गोविंद सिंह ने अन्याय, अत्याचार और पापों को खत्म करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर कर दिया। गुरु गोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ 14 युद्ध लड़े।सिखों ने सिख योद्धा और खालसा सेना के सेनापति बंदा सिंह बहादुर के नेतृत्व में मुगलों के खिलाफ विद्रोह किया। मनुष्य अनंत जीवन का एक भाग है इस जीवन का कोई अंत नहीं है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी गुरु गोविंद सिंह के विचार आज भी प्रॉसंगिक है।संगोष्ठी में महेंद्र प्रताप, जोहरी सिंह, सर्व सुख, वीर सिंह, नमन, इशांत, रोहित, कुणाल, अंश, रुद्राक्ष, दुष्यंत, देव, चिराग, रूपेश, कार्तिक, कनिष्क, प्रिंस,प्रतीक, जयंत, जितेश, संचित, लक्ष्य, समीर, धैर्यवर्धन सिंह, सूर्यवर्धन सिंह आदि अनेक युवा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पलवल में भाई पर लाठी-डंडों से हमला




सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** पलवल में भाई की प्रापर्टी पर कब्जा करने के नीयत से उसके सगे भाई ने घर में घुसकर तोडफोड़ कर उसकी पत्नी बच्चों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी भाई ने धमकी दी है कि वह उसके मकान व जमीन जायदाद पर कब्जा करेगा। विरोध किया तो उन्हें जान से खत्म कर देगा। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर उसके भाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चांदहट थाना प्रभारी दलबीर के अनुसार, अलावलपुर गांव निवासी नरेश कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वह घर पर मौजूद नहीं था। उसी दौरान उसका छोटा भाई दिनेश ने उसके घर में घुसकर तोड़-फोड़ की और विरोध करने पर उसकी पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट की।आरोप है कि दो दिन पहले उसके भाई दिनेश ने उसके ट्यूबवेल पर जाकर सर्विस बगैरा तोड़ दी थी और पीड़ति व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी कहता है कि तुम्हे मारकर तुम्हारी जमीन जायदाद व घर मकान पर कब्जा करूंगा। आरोपी से उसे व उसके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। आरोपी भाई उसके साले को भी कहा है कि इन्हें जान से मारूंगा।चांदहट थाना की अलावलपुर पुलिस चौकी में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत; दोस्त घायल




सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** पलवल में नेशनल हाईवे 19 पर बहरोला मोड़ के निकट कार्यक्रम में शामिल होकर फरीदाबाद लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।सदर थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, करमन गांव निवासी सुनील कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि उसका दोस्त फरीदाबाद सेक्टर 23 निवासी राहुल उसके घर पर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पीड़ति व उसका दोस्त राहुल बाइक पर सवार होकर फरीदाबाद जा रहे थे। लेकिन जब उनकी बाइक नेशनल हाईवे-19 पर बहरौला मोड़ के पास पहुंची तभी किसी अज्ञात गाड़ी ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बाइक को पीड़ति स्वंय चला रहा था और उसका दोस्त राहुल पीछे बैठा हुआ था। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर जा गिरकर घायल हो गए। उसको मामूली चोटें लगी थी। जबकि उसका दोस्त राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ति राहगीरों की मदद से राहुल को लेकर जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान राहुल की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने सुनील की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मंगलवार देर शाम मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

## पलवल में विवाहिता को कमरे में बंदकर पीटा: ससुर ने की छेड़छाड़




सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** विवाहिता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने व ससुर द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, सास व ससुर के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर सिंह के अनुसार, एक विवाहिता ने दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी अप्रैल 2018 में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही पति, ससुर व सास उसके साथ मारपीट कर तंग करने लगे। जिसके संबंध में पीड़िता ने एक शिकायत 19 सितंबर 2023 को महिला थाना बल्लभगढ़ में दी थी। जिस पर महिला थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया था। जिसके बाद ससुराल वालों ने अपनी गलती मान ली और उसे घर बसाने की नीयत से राजीनामा कर अपने साथ ले गए। पीड़िता का आरोप है कि उसके बाद से उसका ससुर जानबूझ कर आते-जाते गलत तरीके से छूने लगा। जिसके बारे में पीड़िता ने अपने पति व सास से कहा तो उन्होंने उल्टा उसे ही कमरे में बंद कर लात-घूंसों से मारा पीटा। आरोप है कि 23 दिसंबर 23 को पीड़िता शाम के समय रसोई में खाना बना रही थी, उसी दौरान उसके ससुर ने उसे अकेला देखकर गलत नीयत से पीछे से पकड़ लिया और गलत हरकत करने की कोशिश करने लगा। जिसके बाद पीड़िता ने जोर से शोर मचाया तो आरोपी उसे छोड़कर चला गया।

**आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज :** जिसके बारे में पीड़िता ने जब रात में इस बारे में अपने पति को बताया तो पति ने सास व ससुर को बुलाकर उसे कमरे में बंद करके पीटा और 25 दिसंबर को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। लेकिन पीड़िता घर बसाना चाहती थी, जिसके चलते अब तक दोनों पक्षों में बात चल रही थी। लेकिन राजीनामा न होने पर पुलिस ने 15 जनवरी को देर रात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पलवल में पति ने किया पत्नी का रेप



सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** पलवल में विवाहिता को दहेज के लिए ससुरालियों ने परेशान किया। उसके साथ मारपीट की गई। जब उसने इसका विरोध किया तो पति ने ही उसके साथ रेप किया। विवाहिता अपने मायके पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके बाद पीड़िता ने महिला थाना में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति-सास सहित 3 आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और रेप आदि विभिन्न संगीन धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।महिला थाना प्रभारी सुशीला के अनुसार, एक विवाहिता ने दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी, इतना ही नहीं उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाने लगा। जिससे पीड़िता परेशान रहने लगी।मायके पहुंच पीड़िता ने सुनाई आपबीती पीड़िता का आरोप है कि उसके विरोध करने पर उसके साथ पति ने रेप किया और मारपीट की। इस बारे में धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता अपने मायके पहुंची और आपबीती सुनाई। पीड़िता ने परेशान होकर इसके संबंध में महिला थाना में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत देकर सख्त से सख्त सजा की मांग की। जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा ।

**जांच अधिकारी :** महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति हेमराज, सास इंदिरा और हरिपाल के खिलाफ IPC की धारा 498ए, 323, 328, 376, 506 व 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पलवल में पुत्रवधु से ससुर ने किया दुष्कर्म

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** पलवल में शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर विवाहिता दो बहनों से मारपीट कर तंग करने एवं ससुर द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर 9 नामजद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला थाना प्रभारी सुशीला के अनुसार, हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक विवाहित ने दी शिकायत में कहा है उसकी व उसकी बहन की शादी एक ही घर में हुई थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लूकमान, सलमान, जैद, फत्ते मौहम्मद, नौमान व दो तीन अन्य उन दोनों बहनों को दहेज के लिए परेशान करने कर मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं आरोपी मारपीट कर दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्हें जान से मारने की भी धमकी देने लगे। लेकिन दोनों बहनें घर बसाने के चलते आरोपियों के अत्याचारों को सहती रही। उसने दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके साथ उसके ससुर ने जबरन दुष्कर्म किया। उसने विरोध किया तो उसके साथ पूरे परिजनों ने मारपीट की और उसे बचाने के लिए जब उसकी बहन आई तो उसके साथ भी मारपीट की और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।उसका आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया और कहा कि दहेज लिए बिना उनके घर आई तो जान से खत्म कर देंगे। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए, 323, 376, 354, 506 व 34 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बागवानी विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को किया जागरूक

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** बागवानी विभाग पलवल द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. अब्दुल रज्जाक ने बताया कि जिले में किसानों को बागवानी विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया गया है। अभी तक जिले में 51 किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए अनुदान दिया जा चुका है। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. अब्दुल रज्जाक ने बताया कि बागवानी विभाग द्वारा किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। योजनाओं के अनुसार किसानों को फल,फूल व सब्जियों की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया है। वहीं किसानों को प्राकृतिक तरीके से खेती करने के लिए जागरूक भी किया गया है। उन्होने बताया कि सरकार की योजनाओं के अनुसार किसानों को बाग लगाने के लिए अनुदान दिया जा रहा है। वहीं किसानों को सब्जियों की खेती करने के लिए अनुदान दिया जाता है। इसके अलावा किसानों को फूलों की खेती करने के लिए सबसिडी प्रदान की जाती है। यह सबसिडी डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में डाली जाती है। उन्होंने कहा कि किसान सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाऐं। प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अतर सिंह शास्त्री ने बताया कि वह पिछले चार सालों से प्राकृतिक खेती कर रहे है। उन्होंने 500 फलदार पौधे लगाए हुए है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि खेतों में पैदा होने वाली खरपतवार को खाद के रूप में प्रयोग करते है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। प्राकृतिक खेती करने से फसल की पैदावार में भी बढोतरी हो रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती करें और बीमारियों से बचे।

## नरबीर सिंह को तीन जिलों का लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर समर्थकों मे जोश: हरिन्द्र यादव



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह को तीन जिलो रोहतक, हिसार और सिरसा का लोकसभा प्रभारी बनाया गया है। भाजपा कि ओर से यह बड़ा दायित्व सौंपा गया है जिससे समर्थकों में भारी जोश है। राव नरबीर सिंह के निजी प्रवक्ता हरिन्द्र यादव ने बताया कि पार्टी कि मजबूती के लिए राव नरबीर सिंह निरन्तर सक्रिय है निश्चित तौर पर प्रदेश कि दस की दस लोकसभा सीटों पर भाजपा अपनी जीत का परचम फहराएगी तथा 2024 में नरेन्द्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेगे। इस अवसर पर आज धारूहेड़ा चुंगी स्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के निवास पर लड्डू बाटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर रिटायर्ड मैनेजर एसबी यादव, मास्टर धर्मवीर भूड़पुर, सुबेदार ईश्वर यादव मीरपुर, सत्यप्रकाश प्रधान माढेया, उदयभान मस्तापुर, महेश फौजी जाटूसाना, नरेश सैनी, हुकम सिंह रिटायर्ड एसडीओ, राजेष यादव राजपुरा व काफी समर्थक मौजूद थे।

# महिला महाविद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी में अशोक बुवानीवाला चौथी बार बने महासचिव

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** आदर्श महिला महाविद्यालय की प्रबंधक कारिणी के चुनाव में प्रधान पद के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास के पुत्र अजय गुप्ता व उपप्रधान सुनीता गुप्ता बने है। इसके अलावा आज चुनाव में कुल 74 मतदाताओं ने भाग लिया। जिसमे महासचिव पद के लिए अशोक बूवानी वाला व मुकेश गुप्ता का मुकाबला रहा। अशोक बुवानी वाला को 57 मत मिले, जबकि मुकेश गुप्ता को 17 मत प्राप्त हुए। अशोक बूवानी वाला मुकेश गुप्ता के मुकाबले 40 मत अधिक लेकर विजय रहे। अशोक बुवानी वाला चौथी बार महासचिव बने हैं। सह



सचिव पद के लिए पवन केड़िया को 39 व सज्जन कबाड़ी को 35 मत मिले। सहसचिव पद में पवन केडिया चार मतों से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष के लिए सुंदरलाल को 40 मत व कमलेश चौधरी को 34 मत प्राप्त हुए। कमलेश चौधरी के मुकाबले सुंदरलाल कोटेवाला को 6 मत ज्यादा प्राप्त होने पर विजयी रहे। अशोक बुवानीवाला अनेक समाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं।

# महाराजा दक्ष प्रजापति चौक के नवीनीकरण को लेकर हुई बैठक

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** प्रजापति समाज रेवाड़ी की बैठक रेजांगला पार्क में रोशन लाल की अध्यक्षता में की गई, जिसमें मुख्य अजेंडा महाराजा दक्ष प्रजापति चौक का नवीनीकरण करवाने हेतु रखा गया। समाज के लोगों ने अपने- अपने विचार रखे, इसमें हरिकिशन प्रजापति, महेंद्र सिंह प्रजापति व वीर सिंह प्रधान ने संयुक्त बैठक में कहा कि महाराजा प्रजापति जयंती 27 जुलाई को मनाई जाएगी।

इस बाबत रेवाड़ी प्रशासन से प्रजापति चौक का नवीन कारण के लिए पहले भी कह चुके हैं परंतु कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। प्रजापति समाज के कुछ लोग डिप्टी स्पीकर रणवीर सिंह गंगवा से मिले थे, उन्होंने एक प्रस्ताव पास कर रेवाड़ी उपायुक्त के नाम समाज को दिया।



समाज के लोगों ने वह प्रस्ताव रेवाड़ी उपायुक्त के कार्यालय में दिया और निवेदन किया कि महाराजा प्रजापति जयंती से पहले प्रजापति चौक का नवीनीकरण किया जाए। रेवाड़ी में महाराणा प्रताप चौक पर भी रेवाड़ी प्रशासन द्वारा नवीनीकरण करवाया जा रहा है जो की एक सराहनीय कदम है। इसी कड़ी में प्रजापत समाज भी रेवाड़ी प्रशासन से निवेदन करता है कि अति शीघ्र प्रजापति चौक का नवीनीकरण किया जाए।

# कर वसूली के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग की वन टाइम सेटलमेंट योजना शुरू

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**व्यापारी व उद्योगपति 30 मार्च तक उठा सकते हैं वन टाइम सेटलमेंट स्कीम का लाभ : डीसी राहुल हुड्डा**

**रेवाड़ी।** आबकारी व कराधान विभाग द्वारा कर वसूली को लेकर वन टाइम सेटलमेंट योजना की शुरुआत की गई है। पंजीकृत व्यापारी और उद्योगपति आगामी 30 मार्च तक योजना का लाभ उठा सकते हैं। डीसी राहुल हुड् डा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा कर वसूली के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने शुरू की वन टाइम सेटलमेन्ट योजना की शुरुआत की है। उन्होंने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से संबंधित मामलों को निपटाने के लिए यह योजना शुरू की गई है।

डीसी ने बताया कि व्यापारियों व उद्योगपतियों के बकाया टैक्स से जुड़े मामलों को निपटाने के लिए विभाग द्वारा ओटीएस योजना के तहत छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से सम्बनधित मामलों को निपटाने के लिए चार श्रेणियों के तहत ब्याज में छूट दी गई है। ये नामत:स्वीकृत कर, विवादित कर, निर्विवादित कर और अंतरीय कर हैं।

उन्होंने बताया कि योजना में स्वीकृत कर के तहत 100 प्रतिशत टैक्स का भुगतान करने पर ब्याज पूरी तरह से माफ हो जाएगा। इसी प्रकार से विवादित कर के तहत 50 लाख रुपए तक की कर राशि का 30 प्रतिशत व 50 लाख से उपर की राशि में 50 प्रतिशत कर का भुगतान करने पर ब्याज व दण्ड राशि शून्य हो जाएगा। निर्विवादित कर श्रेणी के तहत 50 लाख रूपए से कम या बराबर के मामले में मूल कर का 40 प्रतिशत व अन्य सभी मामलों में 60 प्रतिशत जमा करवाने पर ब्याज राशि शून्य हो जाएगी। अंतरीय कर के तहत 30 प्रतिशत टैक्स राशि जमा करने पर ब्याज राशि शून्य हो जाएगी। ऑनलाइन पोर्टल हरियाणाटैक्सडॉटजीओवीडॉटइन पर टैक्स दाता 30 मार्च तक लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत व्यापारी और उद्योगपति 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा विभाग द्वारा एक ओटीएस हेल्प डेस्क की भी स्थापना की गई है, जिस पर व्यापारी व उद्योगपति वन टाइम सेटलमेंट योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# लोगों की उम्मीदें पूरी कर रही मोदी की 'गारंटी' वाली गाड़ी : सुनील यादव



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** भाजपा नेता सुनील यादव मुसेपुर ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' लोगों की उम्मीदें पूरी करते हुए उन्हें लाभांवित कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' नगर परिषद में पहुंची है जो शहरवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का लक्ष्य हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है जो किसी कारणवश भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रह गया है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' वाली वाली गाड़ी जहां भी जा रही है लोगों की उम्मीदें पूरी कर रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री 'उज्ज्वला' गैस कनेक्शन व आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पहली बार इसके जरिए देशव्यापी स्वास्थ्य जांच की जा रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई हुई स्टॉल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को भारत को 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई और पात्र लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी उपलबधियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया। 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के पात्र लाभार्थियों ने अनुभव सांझा किए। इस दौरान आमजन को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रचार सामग्री सहित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डीएमसी उदय सिंह, नगर परिषद चेयरमैन पूनम यादव, भाजपा उप जिलाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, अजय कांटीवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अंत्योदय' व 'गरीब' कल्याण होता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्येक योजना का लक्ष्य : सतीश खोला

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** हरियाणा परिवार पहचान पत्र के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए मोदी की 'गारंटी' वैन 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के रूप में सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों का कल्याण हो रहा है। भारत का सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक गौरव भी निरंतर बढ़ रहा है। आजादी के अमृत काल में देश के हर नागरिक तक सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास



और सबका प्रयास की भावना से प्रेरित इस संकल्प यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को सरकार की 'अंत्योदय' व 'गरीब' कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं से हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्येक योजना का लक्ष्य 'अंत्योदय' व 'गरीब' कल्याण होता है। इस अवसर पर 2220 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि डिस्बर्स की गई, साथ ही 6 बीपीएल कार्ड, 25 आयुष्मान भारत कार्ड, 10 आपकी बेटी हमारी बेटी प्रमाण पत्र, 5 लाभार्थियों को पेंशन लाभ, 2 गोद भराई व 75 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

# नेहरू युवा केन्द्र ने वाहन चालकों व आमजन को किया जागरूक

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चलाए जा रहे सडक़ सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से नाईवाली चौक पर यातायात को नियंत्रण करने में अपना सहयोग दिय। जिला युवा अधिकारी मोनिका नांदल ने जानकारी देते हुए बताया कि सडक़ सुरक्षा सप्ताह बनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को सडक़सुरक्षा के महत्व को समझाना है। स्वयंसेवकों ने लोगों को सडक़ पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान किया ।उन्होंने लोगों को वाहनों से उचित दूरी बनाए रखने ,सडक़ पर




चलते समय हमेशा अपनी दिशा का ध्यान रखने और सही साइड में चलने को कहा। हमेशा दुपहिया वाहन पर हेलमेट पहनने और गाड़ी में सीट बेल्ट लगाने को कहा। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र रेवाड़ी के कार्यक्रम सहायक महेंद्र सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक योगेश कुमार, यतिन कोचर, सचिन कुमार, सुजाता, गौरव कुमार, संदीप कुमार, सोनू कुमार, अंकित कुमार, वीरपाल और कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

# डॉ. सचिन मित्तल व समाजसेवी केदारनाथ अग्रवाल वैश्य रत्न से सम्मानित




सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** श्री वैश्य अग्रवाल महासभा दिल्ली एनसीआर के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में फरीदाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी व अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल व तिगांव के वरिष्ठ डॉक्टर सचिन मित्तल को वैश्य रतन अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल, अग्रोहा मेडिकल कॉलेज हिसार के महासचिव जगदीश मित्तल व अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने इस मौके पर केदारनाथ अग्रवाल व डॉक्टर सचिन मित्तल को बधाई देते हुए उनसे कहा कि आप इसी तरह लगातार सामाजिक हित में काम करते रहें। आपको बता दें कि केदारनाथ अग्रवाल पिछले लगभग 20 सालों से समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहते हैं। इसी तरह डॉक्टर सचिन मित्तल भी हर रविवार को अपने गांव तिगांव में फ्री ओपीडी लगाते हैं। केदारनाथ अग्रवाल ने इस सम्मान के लिए वैश्य अग्रवाल महासभा के गोविंद गोयल, अरुण बंसल ,बनवारी लाल बंसल ,प्रदीप जैन सहित सभी पदाधिकारी का आभार प्रकट किया।

# राजकुमार वोहरा ने मुस्लिम समाज से श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपावली की तरह मनाने का किया आह्वान

**मुस्लिम रंग रेज समाज के प्रमुख लोगों और नौजवानों ने किया नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा का स्वागत व अभिनंदन**

**रंग रेज फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने ज़िला अध्यक्ष से की मुलाकात**

**भाजपा राज में अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़े वर्ग का रखा जा रहा है खास ध्यान: वोहरा**



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा के जवाहर कॉलोनी और नंगला क्षेत्र के मुस्लिम रंग रेज समाज के प्रमुख लोगों और नौजवानों ने रंग रेज फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष व आल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश महामंत्री मोहम्मद सिराज के नेतृत्व में भाजपा ज़िला कार्यालय पर ज़िला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा से मुलाक़ात की और ज़िला अध्यक्ष को फूल मालाएँ डालकर उनको नव दायित्व की शुभकामनाएँ प्रेषित की द्ध उन्होंने ज़िला अध्यक्ष को अपने इलाक़े की समस्याओं से अवगत करवाया और समस्याओं को हल करने का आग्रह किया द्ध इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने मुस्लिम समाज द्वारा उनके स्वागत व अभिनंदन के लिए उनका आभार व्यक्त किया और साथ ही सभी आये हुए मुस्लिम समाज के लोगों को उनकी समस्याओं के हल करने का आश्वाशन दिया वोहरा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा से मुस्लिमों के विकास के लिए कार्य किया है। पीएम मोदी ने तीन तलाक के मुद्दे पर भी मुस्लिम समाज को बड़ा तोहफा दिया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार और हरियाणा में ताऊ मनोहर लाल जी की सरकार कोई भेदभाव नहीं करती और भाजपा के राज में हर समाज सुरक्षित और भयमुक्त है द्ध सरकार सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के मूल मंत्र पर चल सभी वर्ग और संप्रदाय के लोगों के हित में योजनाएँ बनाती है और उनको क्रियानवित करती है ताकि समाज व देश मजबूत एवं समृद्ध बने।

भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के हर वर्ग के लोगों का विकास हो रहा है। अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़े वर्ग का खास ध्यान रखा जा रहा है। साथ ही ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि आने वाली 22 तारीख़ को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आप सभी अपने - अपने घरों पर दिये जलाएं और इस शुभ दिन को दिपावली की तरह मनाकर सामाजिक सौहार्द का संदेश दें द्ध मुस्लिम समाज के लोगों ने ज़िला अध्यक्ष के इस संबोधन व आग्रह पर भारत माता की जय का उद्घोष कर अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर मोहम्मद सिराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व में भाजपा की देश प्रदेश की सरकार समाज के सभी वर्गों और संप्रदायों के लिए बहुत अच्छा काम कर रही है।

भाजपा के राज में योजनाओं के माध्यम से ग़रीब और ज़रूरतमंद लोगों का विकास हो रहा है द्ध उनको मोदी - मनोहर के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में पूर्ण विश्वास है और भाजपा को मुस्लिम रंग रेज समाज का समर्थन लगातार मिलता रहा है और रहेगा द्ध बड़ी संख्या में मुस्लिम रंग रेज समाज के लोग भाजपा के साथ हैं और समाज के अन्य लोगों को भी भाजपा के साथ जोड़ने का कार्य करेंगे।

# अतिक्रमण हटाने एवं स्वच्छता संबंधित अभियान चलाया



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास के आदेश पर आज अतिक्रमण हटाने एवं स्वच्छता संबंधित अभियान चलाया गया। दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने, सड़क के दोनों ओर गैर-कानूनी तरीके किये गये कब्जो से पैदल चलने वालों को चलने मे असुविधा का सामना करना पड़ता है इस अभियान से पैदल चलने वालों को सुविधा होगी। इसी श्रृंखला में आज नगर निगम द्वारा एन0एच0-1 की मार्किट से फावड़ा सिंह चौक, नीलम चौक से बी0के चौक तक तथा मेट्रो रोड पर सरकारी जमीनों, बाजारों की पगडंडियों, दुकानों के सामने, सड़क के दोनों ओर तथा सार्वजनिक स्थानों से रेहड़ी और कपड़े बेचने वालों को हटाया गया। इसी प्रकार ओल्ड फरीदाबाद की मार्किट में भी अभियान चलाकर लगभग 40 रेहड़ी, 30 खोखे, 150 बेन्च/कुर्सी/तखत तथा दुकानों के सामने से 250 गैर-कानूनी तरीके से अतिक्रमण करने वालों को हटाया गया। निगमायुक्त ने निगम अधिकारियों को यह भी सख्त निर्देश दिए कि जिन दुकानदारों ने अपने परिसर के बाहर सामान रखा हुआ है उनके खिलाफ कार्यवाही करके उनका चालान करे और उनका सामान जब्त करे ताकि इस प्रकार की गैर कानूनी गतिविधियों को रोका जा सके और इस अभियान को आगे भी जारी रखा जायेगा। निगमायुक्त ने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण न करें।

## संपादकीय

### असुविधा न हो

ठंड के इस मौसम में कोहरे ने जिस तरह से पूरे उत्तर भारत को घेर रखा है, उसका असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ रहा है। कोहरे की वजह से फ्लाइट में कुछ घंटों तक की देरी की खबरें आ रही हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिल्ली एयरपोर्ट पर तो एक यात्री द्वारा पायलट से दुर्व्यवहार की अप्रिय घटना भी हुई।

**यात्री परेशान :** पायलट से दुर्व्यवहार की घटना की ठीक ही चौतरफा निंदा हुई। ऐसे व्यवहार को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इस निंदनीय घटना की वजह से उन तकलीफों और परेशानियों को अनदेखा नहीं किया जा सकता जिनसे यात्रियों को गुजरना पड़ रहा है।

**मौसम की मार :** यह सही है कि घने कोहरे के चलते पर्याप्त विजिबिलिटी न होना किसी एयरलाइन कंपनी के हाथ में नहीं होता। लेकिन इन हालात में भी थोड़ी बेहतर सेवा यात्रियों की तकलीफ में काफी कमी ला सकती है। यह भी जरूरी है कि एयरपोर्ट पर और बेहतर तकनीक का इस्तेमाल हो ताकि हवाई सेवा कोहरे की वजह से बाधित न हो।

**अनिश्चितता से उलझन :** जब भी किसी वजह से सेवा बाधित होती है तो यात्रियों को जितनी परेशानी देरी से नहीं होती, उतनी सही सूचना समय पर नहीं मिलने से होती है। यह आम धारणा है कि एयरलाइंस कर्मचारी यात्रियों को पूरी जानकारी नहीं देते। रिफंड की सहज और आसान प्रक्रिया न होना मामले को बदतर बना देता है।

**बेहतर प्रबंधन की गुंजाइश :** मूल समस्या भले कुदरती हो, प्रबंधन से जुड़े मुद्दों के चलते भी अक्सर हालात और बिगड़ जाते हैं। मसलन, कई बार ऐसा होता है कि खराब मौसम की वजह से पायलट एयरपोर्ट पर ही फंस जाते हैं और मौसम ठीक होने तक उनके ड्यूटी के घंटे पूरे हो जाते हैं। जाहिर है, मौसम ठीक होने के बावजूद नए क्रू के आने तक फ्लाइट फंसी रहती है।

**रेस्ट टाइम का मसला :** इन्हीं विवादों में पायलटों का रेस्ट टाइम बढ़ाने का मुद्दा भी जुड़ रहा है। कहा जा रहा है कि एविएशन रेगुलेटर DGCA के इस हालिया आदेश के लागू होने से समस्या और बढ़ सकती है। लेकिन पायलटों को पर्याप्त आराम मिलना जरूरी है। फ्लाइट की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। इस मसले का यही हल है कि कंपनियां अपने पायलटों की संख्या बढ़ाएं।

**एविएशन में संभावना :** ध्यान रहे, देश में एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 15 करोड़ से ज्यादा घरेलू यात्रियों ने हवाई सेवा का इस्तेमाल किया, जबकि 2022 में यह संख्या 12 करोड़ ही थी। सेवा को पैसेंजर फ्रेंडली बनाए रखकर ही आगे इस सेक्टर की और अच्छी ग्रोथ सुनिश्चित की जा सकती है।

**रेगुलेटर की सक्रियता :** इन विवादों का अच्छा पक्ष यह है कि DGCA तुरंत हरकत में आया और SOP (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) जारी कर दी। यात्रियों को सही और रियल टाइम जानकारी उपलब्ध कराने और तीन घंटे से ज्यादा देरी पर फ्लाइट कैंसल करने जैसे निर्देश उपयोगी हैं। मगर यह भी देखना होगा कि इन्हें सही ढंग से अमल में लाया जाए। इसके साथ ही यात्रियों के लिए संयम बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।

# हथियार के बल पर धमकाने का आरोप, नियामत चंदेनी पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शहर की अरावली कॉलोनी वार्ड नंबर एक निवासी पीड़ित आसमोहम्मद ने नूंह सिटी थाना में अपनी जान की रक्षा के लिए गुहार लगाई है। उन्होंने शाहपुर नंगली निवासी आरोपी नियामत पुत्र आमीन निवासी गांव चंदेनी पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि बीते 5 फरवरी को उनकी रिश्तेदार शकीला पत्नी अब्दुल कादिर व उनके पड़ोसी आरोपी नियामत पुत्र आमीन निवासी चंदेनी हालाबाद शाहपुर नंगली रोड का झगड़ा हो गया था। जिस बाबत में अपने रिश्तेदार शकीला के घर हाल चाल जानने के लिए गया था तो 6 जनवरी को दिन के 12 बजे मोबाईल पर फोन करके धमकी दी तुम शकीला के साथ जाकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत करा रहे हो तुम इस मसले से अलग रहो नहीं तो तेरे पैर काट देगें। वह उसकी बात को हल्के में ले गया। उसके बाद भी आरोपी ने मुझे बार बार धमकिया। इसके बाद 12 जनवरी को रात को 8 बजे वह अपनी प्लाट पर मस्जिद के सामने खाना खाने के बाद टहल रहा था तभी एक गाड़ी उनके पास आकर रुकी। जिसमें 4 आदमी बैठे थे उनमे से दो आदमी बाहर उतरे उन्होंने अपने मुंह कपड़े से ढका हुआ था और उन्होंने सीधा मेरी छाती पर अवैध हथियार लगाकर धमकी दी तू नियामत चंदेनी के मामले में टांग अड़ा

**शहर में पूर्व से लोगों के साथ मारपीट कर परेशान करता है नियामत चंदेनी**

**आरोपी नियामत हाथ पैर काटने की भी धमकी दे चुका है**



रहा है तुझसे पहले भी मना किया था लेकिन तू नहीं मान रहा है। यदि नियामत के मामले से दूर नहीं हुआ तो अगली बार तुझे सोचने समझने का मौका नहीं देंगे। और खत्म कर देंगे। इतनी बात कहकर आरोपीयान अपनी गाड़ी को लेकर मौके से भाग गए। डर के कारण पुलिस को 112 नंबर पर फोन भी नहीं कर पाया। आरोप लगाया कि उक्त आरोपी नियामत दबंग किस्म का है आरोपी चरस, गांजा व अन्य नशीले पदार्थो का अवैध धंधा करता है। और इसने गिरोह बनाया हुआ है। जिस गिरोह का कर्ता धरता नियामत व उसकी पत्नी है जो लोगो को डरा धमकाकर भी पैसे वसूलते है। आरोपी से उन्हें व परिवार को जान व माल का पूरा खतरा है जो मेरे साथ कोई संगीन जुर्म कर सकते हैं। यदि मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेवार उक्त नियामत व उसकी पत्नी होगी। उन्होंने मांग की इस मामले में आरोपी के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाए और जान व माल की रक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि मामले में भी नियामत ने उनको धमकाकर गाली गलौच व मारने पर भी उतारू हो गया और फिर थाने के बाहर आकर खड़ा हो गया। वह बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागे। आरोपी लंबे समय से गरीबों को परेशान कर रहा है। शहर में होने वाले लड़ाई झगड़े में आरोपी की अहम भूमिका की जांच की जाए। जोकि शहर के भाईचारे के लिए नासूर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। इस बारे में नूंह सिटी थाना प्रभारी ओमबीर ने कहा कि पुलिस को थाने में शिकायत प्राप्त हुई है। जिसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सूरत में दोषी पाए जाने वाले आरोपी को नहीं बख्शा जाएगा।

# होडल से यू पी पुलिस से नामी अपराधी को स्कूटी पर बैठकर भगा ले गई महिला

## यूपी पुलिस आरोपी को मथुरा जेल से हसनपुर थाने में दर्ज मामले में अदालत में पेस करने के लिए लेकर आई थी

**ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल में नेशनल हाईवे 19 पर स्थित हरियाणा टुयूरिजिम डबचिक से यू पी पुलिस से नामी अपराधी को एक महिला स्कूटी पर बैठाकर भगा ले गई और पुलिस देखती रह गई। यह आरोपी पुलिस से उस समय भागा जब यू पी की पुलिस आरोपी को मथुरा जेल से जिला पलवल के हसनपुर थाने के एक मामले में पेस करने के लिए होडल की अदालत में पेस करने के लिए लेकर आई थी।

होडल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की यू पी के मथुरा जेल में बंद होडल के गांव भिडुकी निवासी आरोपी अनिल उर्फ ट्यूनकल यू पी के जिला मथुरा की जेल में मथुरा के कई मामलों में बंद था जिसको यू पी पुलिस जेल से होडल की अदालत में हसनपुर के एक मामले पेस करने के लिए लेकर आई थी और अदालत में पेस करने के बाद वापिस मथुरा लेकर जा रही थी। जिसमे यू पी पुलिस के तीन पुलिस कर्मचारी मौजूद थे। जिसमे ए एस आई ज्ञान सिंह,सिपाही विवेकानंद और दलीप कुमार मौजूद थे। जैसे ही यह पुलिस कर्मी आरोपी को नेशनल हाईवे 19 पर डबचिक के सामने लेकर पहुंचे तो एक स्कूटी पर सवार होकर एक महिला आई और आरोपी को पुलिस से छोड़कर स्कूटी पर बैठाकर भगा ले गई। पुलिस




आरोपी को किराए के ऑटो में मथुरा से बैठाकर अदालत में पेस करने लाई थी। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया की यू पी पुलिस के तीनों पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है और तीनो को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि भागे आरोपी और उसको भागने वाली महिला के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई है और जल्द से जल्द आरोपी के गिरफ्तार किया जाएगा।

**सूत्रों से मिली जानकारी**

सूत्रों से मिली जानकारी में पता चला है की यपी पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेस करने के बाद वापिस अपने साथ मथुरा जेल लेकर जा रही थी लेकिन जैसे ही यू पी पुलिस अपराधी को नेशनल हाईवे 19 पर डबचिक के समीप पहुंची तो एक महिला स्कूटी पर आई और पुलिस से महिला ने एकांत में आरोपी से मिलने के लिए कहा और आरोपी के साथ महिला ने डबचिक के अंदर किराए पर कमरा ले लिया और रुम में रुक गए और यू पी पुलिस बाहर पहरा दे रही थी। पुलिस महिला के बहकावे में आ गई और आरोपी से मिलवाने लगी। तभी मौका पाकर महिला आरोपी को स्कूटी पर बैठाकर भाग गई और पुलिस देखती रह गई। फरार आरोपी पर मथुरा जिले में हत्या के प्रयास और धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं और होडल थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज है और हसनपुर थाने में आरोपी के खिलाफ आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। यू पी पुलिस आरोपी को हसनपुर थाने में दर्ज 307 के मामले में अदालत में पेस करने के लिए लेकर आई थी।

# नांगल चौधरी में बस में चोरी की वारदात

**अशोक कौशिक**

**नारनौल।** नारनौल से बस में सफर कर रही राजस्थान के कोटपूतली की एक महिला का नांगल चौधरी में बैग अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस बैग में सोने की एक नोज पिन, सोने की दो तौले की चेन के अलावा करीब 1000 रुपए नगद भी थे। इस बारे में पीड़ित महिला ने नांगल चौधरी पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजस्थान के कोटपूतली निवासी महिला रमाबाई ने पुलिस में दी शिकायत में कहा है कि वह राजस्थान के कोटपूतली की रहने वाली है। वह अपने गांव नारनौल मिलने के लिए गई हुई थी। इसके बाद वह बस में बैठकर वापस अपने ससुराल जा रही थी। उसने नारनौल से नांगल चौधरी की टिकट ली थी। उसके पास बैग में पर्स था। इस पर्स के अंदर सोने की एक नोज पिन के अलावा सोने की दो तौले की चेन थी। वहीं पर्स में 1000 रुपए के लगभग नगदी भी थी। उसके अनुसार वह बस से नांगल चौधरी उतरी तो उतरते समय अचानक उसके बैग में रखा पर्स कोई चुरा ले गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कर की तलाश शुरू कर दी है।

# नांगल चौधरी हलके के 6 गांवों में बनेंगे समारोह स्थल : डा अभय सिंह यादव

**अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा सरकार ने ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक योजना के तहत नांगल चौधरी हलके के गांव छापड़ा बीबीपुर, हसनपुर, मेघोत हाला, नांगल कालिया, इकबालपुर नंगली एवं सैदअलीपुर में 50 लाख रुपये प्रत्येक की लागत से समारोह स्थल बनाने का फैसला किया है। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि समाज के बदलते स्वरूप के साथ समारोह का स्वरूप भी बदल रहा है जिसके लिए पहले से उपलब्ध धर्मशाला आज की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त नहीं हैं। गांव की बढ़ती आबादी और सार्वजनिक स्थानों की सीमित उपलब्धता के कारण निजी समारोह के आयोजन के लिए लोगों को आस पास के शहरों और कस्बों में जाना पड़ रहा है। ऐसे में हरियाणा सरकार ग्रामीण आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए गांव के स्तर पर शहर की तर्ज पर सुविधाएं देने का प्रयास कर रही है। जहां सड़क मार्गों की व्यवस्था में आमूल चूल सुधार हुआ है वहीं गांवों के अंदर भी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विशेष सुविधा विकसित करने की कड़ी में यह महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले 4 बड़े गांवों में लगभग दो करोड़ रुपये प्रत्येक समारोह स्थल की लागत से बड़े समारोह स्थल निर्माणाधीन हैं। इनमें गांव मूसनोता और नांगल दर्गु के बीच बनने वाला समारोह स्थल मूसनोता और नांगल दर्गु 2 बड़े गांवों को सुविधा प्रदान करेगा। इसी तरह गांव आसरावास एवं ढाकोड़ा के बीच निर्माणाधीन समारोह स्थल नियामतपुर, मौरूंड, आसरावास, ढाकोड़ा एवं नांगल सोडा आदि गांवों को यह सुविधा प्रदान करेगा। ग्राम गोद एवं आजमाबाद मौखुता में भी इसी तरह के समारोह स्थल बनकर लगभग तैयार हैं। डा. यादव ने कहा कि सरकार से प्राप्त बजट की सीमाओं में रहते हुए भविष्य में भी इस तरह की सुविधाएं अन्य गांवों तक भी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# कुंआ में मिली लाश

**रोबिन माथुर**

**हथीन।** कौंडल गांव के एक कुंआ से 26 वर्षीय युवक की लाश मिली है। लाश की सूचना मिलते ही बहीन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल चरण सिंह ने लाश को निकलवाकर कर उसकी पहचान कराई। मृतक की पहचान दरोगा साहनी निवासी टोला मुसाहरी जिला कुशीनगर उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। मृतक गांव कौंडल में तेजी नामक व्यक्ति के खेतों में गन्ना की खेती में मजदूरी करता था। वह आठ जनवरी को रात्रि 8 बजे के बाद से लापता था। उसके लापता होने का केस भी बहीनथाना में दर्ज है। पुलिस ने मृतक.की लाश को कब्जे में लेकर उसको पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया गया है कि मृतक दिमागी रूप से कमजोर था। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# अभिनेता शर्मन जोशी होंगे एसपीएस के ओपन टैलेंट शो के मुख्य अतिथि

**ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रसिद्ध पलवल के हुडा सेक्टर 2 स्थित एसपीएस इंटरनेशनल में एक बार फिर आगामी 20 जनवरी को एक ओपन टैलेंट शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तीन से आठ वर्ष तक की आयु के बच्चे भाग ले सकते हैं। इस ओपन टैलेंट शो में पलवल एवं आसपास के क्षेत्रों के सभी विद्यालयों के तीन से आठ वर्ष तक की आयु के छात्र भाग ले सकते हैं। ज्ञात रहे कि एसपीएस इंटरनेशनल समय-समय पर विद्यार्थियों के समूचे विकास के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। हाल ही में विद्यालय ने समाज कल्याण में अपना अहम योगदान देते हुए नशा मुक्त भारत एवं अखंड भारत के बैनर तले मैराथन का आयोजन किया था। जिसमें 5000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का भी आयोजन किया था। जिसमें न केवल पलवल बल्कि आसपास के जिलों से भी करीब 58 विद्यालयों के छात्रों ने भाग लेकर अपनी खेलों की कला का प्रदर्शन किया था। विद्यालय




प्रतिवर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। उसी कड़ी में इस ओपन टैलेंट शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसका एकमात्र उद्देश्य विद्यालय की सबसे छोटी पौध कहे जाने वाले तीन से आठ वर्ष तक के छात्रों की छुपी हुई कला का मंच के माध्यम से अनावरण करना है। विद्यालय के अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि इस वर्ष के ओपन टैलेंट शो में श्री ईडियट्स, ढोल, रंग दे बसंती और गोलमाल जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुके बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शर्मन जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय की प्राथमिकता प्रत्येक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास करना है। जिसके लिए वह प्रतिवर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं। विद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर डॉ. संतुष्टि थापर ने बताया कि ओपन ओपन टैलेंट शो में तीन से आठ वर्ष तक के छात्र विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। जिसमें नाटक, बेबी शो, फैशन शो, रोल प्ले, मिमिक्री, क्ले मॉडलिंग, गायन, नृत्य, मैजिक शो, कविता वाचन और खेलकूद जैसी कई प्रतियोगिताएं शामिल हैं। विद्यार्थी अपनी किसी भी कला का खुले रूप से प्रदर्शन करने के लिए स्वतंत्र रूप से आमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतिभागी को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा विजेता विद्यार्थियों को आकर्षित पुरस्कारों से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त: जिलाधीश



**ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 22 (।) और 23 (॥) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 18 जनवरी 2024 को गांव असावटी में विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा की भूमि पर आबादी क्षेत्र से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीडीपीओ पृथला प्रवीण कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार 18 जनवरी 2024 को ही पलवल से हसनपुर वाया बड़ौली से रहीमपुर पुल तक गांव बड़ौली में अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग पलवल के उपमंडल अभियंता अशोक कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित विभाग एवं उपरोक्त कार्यवाही पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा डी-मार्केशन का कार्य नियमानुसार हो और धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

# पलवल में ब्लॉक लेवल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**ऋषि भारद्वाज**



**पलवल।** पलवल में मिशन बुनियाद व सुपर-100 कार्यक्रम को लेकर आज पलवल जिले में ब्लॉक लेवल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगराधीश द्विजा ने बच्चों को मोटिवेट किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल भी मौजूद थे। मिशन बुनियाद व सुपर-100 कार्यक्रम के लिए शिक्षा विभाग ने पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिक्षा निदेशालय ने दोनों कार्यक्रमों का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। इच्छुक विद्यार्थी मिशन बुनियाद के लिए 25 जनवरी तो सुपर-100 के लिए 31 जनवरी तक पंजीकरण करवा सकेंगे। परीक्षा के बाद चयनित विद्यार्थियों को आईआईटी व नीट की बेहतर तैयारी करवाई जाएगी। मिशन बुनियाद व सुपर-100 कार्यक्रम को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा खंड स्तर पर जागरूकता अभियान भी शुरू किया गया है। इसमें जागरूकता से लेकर पंजीकरण प्रक्रिया, परीक्षा आयोजन और कक्षा की शुरुआत तक की सभी जानकारी छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ साझा की जा रही है। नगराधीश द्विजा ने बताया कि हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग की तरफ से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से बुनियाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके लिए ऐसे विद्यार्थी पंजीकरण करवा सकते हैं, जिन्होंने आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की हो और नौवीं कक्षा में राजकीय विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हों। इसके अलावा सातवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में 50 फीसदी अंक प्राप्त किए हों। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने बताया कि मिशन बुनियाद व सुपर-100 कार्यक्रम को लेकर अवेयरनेस कार्यक्रम शुरू किया गया है। पलवल जिले के हथीन और हसनपुर ब्लॉक में यह कार्यक्रम किए जा चुके है। वहीं पलवल ब्लॉक में आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में करीब 700 बच्चों ने भाग लिया है। बच्चों को मिशन बुनियाद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया है। मिशन बुनियाद व सुपर-100 कार्यक्रम सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। जिसमें सरकार द्वारा बच्चों को आईआईटी व नीट की बेहतर तैयारी करवाई जाएगी और पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद गरीब बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है।

# पलवल में ठंड में चोर हुए सक्रियः 7 जगहों पर की वारदात, मकानों-दुकानों से लाखों का कैश और आभूषण ले गए




**ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिले में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे में चोरों ने पलवल जिले के अलग-अलग स्थानों पर सात वारदातों को अंजाम दिया और बड़ी मात्रा में कीमती सामान व लाखों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने तीन मकान, एक दुकान और एक गोदाम में सेंध लगाकर लाखों की नकदी और कीमती सामान चुराया। इसके अलावा चलती ट्रेन से एक यात्री का मोबाइल फोन और एक का लैपटॉप व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने चोरी के मुकदमे दर्ज किए हैं, लेकिन अब तक को सफलता हाथ नहीं लगी है। पहला मामला गांव चिरवाड़ी का है, जहां मोनू ने चांदहट थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह घर में सोया था। रात को चोर घर से एक लाख 30 हजार रुपए के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। वहीं, हुडा सेक्टर-2 निवासी विक्रांत ने शहर थाने में शिकायत की कि उनके घर में मथुरा (क्क) के ओला गांव निवासी। सतीश चंद किराए पर रहते हैं। वह भारतीय खाद्य निगम में कार्यरत हैं। सतीश चंद जब ड्यूटी से घर लौटे तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान फैला पड़ा है। चोर घर से 15 हजार रुपए नकद और 80 हजार के आभूषण ले गए।

इसी के साथ हुडा सेक्टर-2 के ही मनीष मंगला ने शिकायत दर्ज कराई है कि ओल्ड जीटी रोड पर उनकी मशीनरी एंड स्टेशनरी की दुकान है। रात को चोरों ने दुकान का शटर तोड़ दिया और करीब 1.40 लाख रुपए का सामान चुरा लिया। इसी इलाके के हिमांशु शर्मा ने भी शहर थाने में शिकायत की है कि आल्हापुर गांव स्थित टायरों के गोदाम से चोर दीवार तोड़ कर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर के टायर चोरी कर ले गए। पांचवां मामला रसूलपुर गांव निवासी सतबीर ने चांदहट थाने में दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि उनके पुराने घर का ताला तोड़ डीजे की दो मशीनें, लाइट व अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। दो मामले चलती ट्रेन में हुए, जिसमें आगरा (यूपी) निवासी प्रेमपाल ने जीआरपी चौकी पलवल को बताया कि वह आगरा कैंट से दिल्ली हजरत निजामुद्दीन जाने के लिए ट्रेन में चढ़ा। इसी बीच वह अपने मोबाइल फोन को ट्रेन में चार्जिंग पर लगाकर सो गया। जब पलवल रेलवे स्टेशन पर देखा तो मोबाइल फोन गायब था। वहीं, मुरैना (एमपी) निवासी शैलेंद्र शर्मा ने जीआरपी चौकी पलवल में शिकायत दर्ज कराई है कि वह पत्नी पूजा शर्मा के साथ दिल्ली से जा रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना लैपटॉप ऊपर वाली सीट पर रख दिया और खुद नीचे की सीट पर बैठ गया। पलवल स्टेशन पर देखा तो लैपटॉप वाला बैग गायब था। उसमें लैपटॉप के साथ उसका चार्जर व अन्य सामान था। पुलिस ने मामले दर्ज कर लिए हैं। पुलिस का कहना है कि चोरों की पहचान के प्रयास जारी हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर ऐतिहासिक नाडा साहिब गुरुद्वारा में शिश नवा लिया आशीर्वाद

**गुरु गोबिंद सिंह जी एक महान संत और योद्धा थे, जिन्होंने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व किया न्यौछावर-राज्यपाल**

**राज्यपाल ने लोगों से गुरु गोबिंद सिंह के आदर्शों को जीवन में अपनाने का किया आह्वान**



हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय गुरु श्री गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व अवसर पर गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब, पंचकूला में अरदास करते हुए। (17.01.2024)

सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने आज श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर जिला पंचकूला में ऐतिहासिक नाडा साहिब गुरुद्वारा में शिश नवाया और आशीर्वाद लिया। उन्होंने निशान साहब पर भी माथा टेका व परिक्रमा की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि आज गुरु गोबिंद सिंह जयंती देशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है। गुरु गोबिंद सिंह जी एक महान संत और योद्धा थे, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपना पूरा परिवार न्यौछावर कर दिया। उन्होंने योद्धाओं का निर्माण कर खालसा पंथ की स्थापना की। राज्यपाल ने कहा कि देश में शस्त्र विद्या तथा धर्म विद्या दोनों की आवश्यकता है। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने शस्त्र धारण कर देश रक्षा को सर्वोच्च माना।

राज्यपाल ने लोगों से आह्वान किया कि वे गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, यही गुरु गोबिंद सिंह जी को एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि देश की भावी पीढ़ी को श्री गोबिंद सिंह जी के इतिहास के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश को ओर मजबूत तथा शक्तिशाली बनाने में अपना योगदान दें सके। एक प्रश्न के उत्तर में राज्यपाल ने कहा कि अयोध्या का राम मंदिर संपूर्ण मानवता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्री राम देश के 140 करोड़ लोगों के दिलो में बसे हैं और उन्हें किसी एक धर्म या मजहब से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव रमणीक सिंह मान ने राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय को सिरोपा व गुरु गोबिंद सिंह जी का चित्र भेंट किया। उन्होंने राज्यपाल को गुरु गोबिंद सिंह जी का ज़फ़रनामा भी भेंट किया। इस मौके पर उपायुक्त सुशील सारवान, पुलिस उपायुक्त सूमेर प्रताप सिंह, नाडा साहिब गुरुद्वारा के प्रबंधक सरदार परमजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपसथित थे।

# सनातन के गौरव की प्राण प्रतिष्ठा का हर्ष मनाने को गुरुग्राम तैयार : जीएल शर्मा

**22 जनवरी को गुरुग्राम होगा भव्य सनातन हर्ष महोत्सव**

**मोदी जी के आह्वान पर मंदिरों में चलाया जा रहा साफ-सफाई अभियान**



सिटी 24 न्यूज

**गुरुग्राम।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहाकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी अयोध्या में केवल रामलला के विग्रह की प्राण पतिष्ठा का दिन नहीं है, बल्कि यह सर्व सनान के गौरव की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर है। यह अवसर पीढ़ियों के संघर्ष के बाद आया है। सदियों के तप, त्याग और संकल्प के बाद भगवान राम की कृपा से धर्मावलंबियों के गौरव के इस पाल को सहर्ष मनाने को गुरुग्राम तैयार है।

जीएल शर्मा शीतला मंदिर और और भगवान परशुराम वाटिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर साफ-सफाई अभियान के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को सदर बाजार के हनुमान मंदिर में अयोध्या के भव्य और नव्य मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को सनातन हर्ष महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस महोत्सव के जरिए पूरा गुरुग्राम एतिहासिक पल का गवाह बनेगा। इस दिन नए भारत का आगाज हो रहा है। देश भर में मनाए जाने वाले उत्सव के जरिए विश्व को पूरी मानवता को प्रेरणा देगा। सुबह करीब सात बजे जीएल शर्मा पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ शीतला माता मंदिर पहुंचे और झाड़ू से पहले मंदिर परिसर की सफाई की बाद में पोंछा लगाकर डसटिंग भी की। करीब डेढ़ घंटे के श्रमदान के बाद शर्मा शक्ति नगर सथित भगवान परशुराम वाटिका पहुंचे और यहां मंदिर परिसर से लेकर बाहर सडक़ तक की सफाई की। उन्होंने मंदिर पहुंचते ही मंदिर के बाहर सफाई कर रहे सफाई कर्मचारियों के हाथों से झाड़ू लेकर उन्हें कुछ देर आराम करने को कहा और खुद सफाई के कार्य में जुट गए। बाद में उन्होंने इन कर्मचारियों के साथ चाय पी और 22 जनवरी को सदर बाजा के हनुमान मंदिर में होने वाले सनातन हर्ष महोत्व में सपरिवार शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ सरकार की योजनाओं और भाजपा की नीतियों जैसे कई विषयों पर चर्चा भी की। इस दौरान उनके साथ आदर्श ब्राह्मण सभा के प्रधान आरपी कौशिक, सीएम विंडो के एमिनेंट सिटीजन महेश वशिष्ठ, भाजपा दयानंद मंडल के पूर्व महामंत्री अजीत भारद्वाज, पंडित अनिल कौशिक, प्रतीक शर्मा, मदन शर्मा, उत्तराखंड प्रकोष्ठ के गंगा सिंह नेगी सहति कई गणमान्य लोग उपसथित रहे। जीएल शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को सनातन हर्ष महोत्सव का का शुभारंभ सुबह नौ बजे सुंदरकांड के पाठ से होगा। तत्पश्चात प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से भजनों के द्वारा श्री राम जी की महिमा का गुणगान होगा। 12 बजे बड़ी एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या से रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

# गृह मंत्री अनिल विज ने अलग-अलग मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए

**करनाल में प्रॉपर्टी पर कब्जा के एक मामले को लेकर एसपी करनाल को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश**

**गृह मंत्री ने ग्रामीण चौकीदार रखने के मामले में गड़बड़ी की शिकायत पर डीसी यमुनानगर को एक कमेटी बनाकर जांच के दिए निर्देश**

**गृह मंत्री अनिल विज ने बुधवार को अंबाला में प्रदेशभर से आए लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**



सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंबाला में प्रदेशभर से आए लोगों की फरियादे अपने आवास पर सुनी तथा संबंधित जिलों के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। करनाल से मां-बेटा श्री अनिल विज के दरबार में पहुंचे और बताया कि उसके नाना की प्रॉपर्टी है। उस प्रॉपर्टी पर कुछ बदमाश प्रवृति के लोगों ने कब्जा कर लिया है। यही नहीं, उल्टा उनके खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। इस मामले में गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी, करनाल को एसआईटी गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए।इसी प्रकार, एक अन्य मामले में आदमपुर से आए एक व्यक्ति ने बताया कि उसके ऊपर छेड़छाड़ व मारपीट का गलत मुकदमा दर्ज कर दिया गया है जबकि पड़ोसियों का आपसी झगड़ा है। इस मामले को लेकर गृहमंत्री ने हिसार के पुलिस अधीक्षक को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

**महिला को लोगों द्वारा परेशान करने के मामले में आईजी अंबाला को जांच के निर्देश**

अंबाला से एक महिला गृह मंत्री अनिल विज के दरबार पहुंची। महिला ने बताया कि उसका पति विदेश भेजने का काम करता था, लेकिन उसका पति खुद विदेश चला गया है। अब पीछे से लोग उन्हें परेशान करने लगे हैं। कहते हैं कि आपके पति ने हमारे पैसे देने हैं। गृह मंत्री ने इस मामले की जांच अंबाला रेंज के आईजी शिवास कबिराज को सौंपी। इसी प्रकार, गृह मंत्री के दरबार में अंबाला के नारायणगढ़ से एक महिला पहुंची। महिला ने बताया कि कम दाम पर सोने के आभूषण बनाने का लालच देकर उनके साथ 22 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई। गृह मंत्री विज ने अंबाला के पुलिस अधीक्षक को मामला दर्ज कर जांच कराने के निर्देश दिए।

**बदमाशों द्वारा प्लॉट पर कब्जा करने के मामले को लेकर रोहतक के पुलिस अधीक्षक को जांच के निर्देश**

वहीं, पानीपत से आए एक सैनिक ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी मां और पत्नी के खिलाफ पुलिस ने झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। इस मामले में गृह मंत्री ने पानीपत के पुलिस अधीक्षक को मामले की दोबारा जांच कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा, रोहतक से पहुंचे एक परिवार ने बताया कि बदमाशों ने उनके प्लाट पर कब्जा कर लिया है और उन्हीं के खिलाफ पुलिस ने थाने में पर्चा दर्ज करा दिया है। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अनिल विज ने रोहतक के पुलिस अधीक्षक को मामले की पुन: जांच कराने के निर्देश दिए।

**गृहमंत्री ने दहेज प्रताड़ना के एक मामले में कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए**

कुरुक्षेत्र के शाहाबाद से पहुंची विवाहिता ने बताया कि ससुरालियों द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में गृह मंत्री ने कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, रोहतक से पहुंची महिला ने बताया कि उसने ससुरालियों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने सही से बिना जांच किए एफआईआर को कैंसिल कर दिया है। इस मामले में गृह मंत्री ने रोहतक के पुलिस अधीक्षक को जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

**मर्डर के मामले में कार्रवाई न होने पर हिसार के एसपी को निर्देश**

मंडी आदमपुर से आई महिला ने बताया कि मर्डर के मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गृह मंत्री ने हिसार के एसपी को कॉल करके कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा, यमुनानगर से आए एक परिवार ने बताया कि उसकी बेटी एक युवक के साथ घर से चली गई थी। लेकिन अब युवती वापस घर आना चाहती है, लेकिन युवक ने उनकी बेटी को बंधक बनाया हुआ है। इस मामले में श्री विज ने यमुनानगर के एसपी को कॉल करके मामले में कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

**शमशान घाट बनाने को लेकर अंबाला नगर परिषद अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश**

अंबाला कैंट के साई का बाग, शिवाला मंडी और शेख माजरा समेत आस-पास के नागरिक भी गृह मंत्री के दरबार में पहुंचे। उनका कहना था कि उनके इलाके में कोई शमशान घाट नहीं है। उन्हें अंतिम संस्कार करने के लिए 11 किलोमीटर दूर रामबाग में जाना पड़ता है। गृह मंत्री ने नगर परिषद के अधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह, यमुनानगर के गांव घड़ी सिकंदरा से पहुंचे एक फरियादी ने बताया कि गांव में चौकीदार रखे जाने हैं। इसलिए बकायदा वोटिंग होती है, जिसे ज्यादा वोट मिलती है, उसे चौकीदार बनाया जाता है। उसे सबसे ज्यादा वोट मिले हैं, लेकिन उसके गांव में किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति की जा रही है। इस मामले में गृह मंत्री अनिल विज ने यमुनानगर के उपायुक्त को जांच करने के निर्देश दिए हैं।


# भाजपा गठबंधन सरकार पूरी तरह से घोटालों की सरकार बनकर रह गई है : अभय सिंह चौटाला

**भाजपा गठबंधन सरकार द्वारा किए गए घोटालों में एक और घोटाला जुड़ गया है जिसमें हरियाणा में किसानों को फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफ.पी.ओ.) की अनुदान राशि बांटने में करोड़ों रुपए के घोटाले का मामला सामने आया है**

**इनेलो पार्टी ने विधानसभा के अंदर और विधानसभा के बाहर भाजपा गठबंधन सरकार में हुए दो दर्जन से अधिक घोटालों को प्रदेश की जनता के सामने रखा है**

**भाजपा सरकार ने घोटालों की जांच के लिए कमेटी बनाई लेकिन विडंबना यह है कि आजतक एक भी घोटाले की जांच की रिपोर्ट नहीं आई है**

**सभी घोटाले भाजपा सरकार द्वारा संरक्षण प्राप्त रसूखदार लोगों, जिनमें संतरी से लेकर मंत्री तक शामिल हैं, द्वारा किए गए हैं और भाजपा सरकार इनको बचाने में लगी है**



सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़, 17 जनवरी।** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार द्वारा किए गए घोटालों में एक और घोटाला जुड़ गया है जिसमें हरियाणा में किसानों को फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफ.पी.ओ.) की अनुदान राशि बांटने में करोड़ों रुपए के घोटाले का मामला सामने आया है। यह स्कीम केंद्र सरकार की है और उनके पास पुख्ता सबूतों के साथ घोटाले की शिकायत पहुंची है। केंद्र सरकार के पास जो शिकायत पहुंची है उसमें आरोप लगाया गया है कि इन अधिकारियों ने एफ.पी.ओ. के नाम पर मंजूर होने वाली अनुदान राशि किसानों के खाते में जमा ही नहीं करवाई। मीडिया में छपी रिपोर्ट के अनुसार ड्रिप इरिगेशन तकनीक से सिंचाई करने के लिए किसानों को 85 प्रतिशत तक अनुदान मिलता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए जो प्रक्रिया अपनाई जाती है, उसी प्रक्रिया में अधिकारियों द्वारा ऊपर तक मिलीभगत कर धांधली करके घोटाले के पूरे खेल को अंजाम दिया जाता रहा है।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार पूरी तरह से घोटालों की सरकार बनकर रह गई है। भाजपा गठबंधन सरकार में अब तक दो दर्जन से अधिक हजारों करोड़ रूपए के घोटाले हो चुके हैं। हर बार इनेलो पार्टी ने विधानसभा के अंदर और विधानसभा के बाहर इन घोटालों को प्रदेश की जनता के सामने उजागर किया। जिसके बाद भाजपा सरकार ने घोटालों की जांच के लिए कमेटी बनाई लेकिन विडंबना यह है कि आजतक एक भी घोटाले की जांच की रिपोर्ट नहीं आई है। इसका मतलब साफ है कि सभी घोटाले भाजपा सरकार द्वारा संरक्षण प्राप्त रसूखदार लोगों, जिनमें संतरी से लेकर मंत्री तक शामिल हैं, द्वारा किए गए हैं और भाजपा सरकार उनको बचाने के लिए दिखावे के लिए जांच का आदेश देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल चुकी है।

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में हरियाणा का बड़ा कदम

# प्रदेश के बस बेड़े में शामिल होंगी इलेक्ट्रिक, सीएनजी और बीएस-VI डीजल आधारित बसें : मुख्य सचिव

**दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन पर केंद्रीय कैबिनेट सचिव द्वारा आयोजित की गई वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के बाद मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने जानकारी साझा की**

**एनसीआर में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने धूल नियंत्रण के लिए बनाई प्रबंधन सेल -मुख्य सचिव**



सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़, 17 जनवरी।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वर्ष 2024-25 के लिए राज्य की कार्य योजना की जानकारी दी। यह योजना राज्य के बस बेड़े को इलेक्ट्रिक, सीएनजी और बीएस-VI डीजल बस सहित स्वच्छ विकल्पों में बदलने पर केंद्रित है।

दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन पर केंद्रीय कैबिनेट सचिव द्वारा बुलाई गई वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के बाद उन्होंने यह जानकारी साझा की। योजना में बीएस-III/IV डीजल बसों शामिल किया गया है। प्रदेश में वर्ष 2023 में 10 साल पुराने डीजल के 185 और 15 साल पुराने 461 वाहनों को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि एनसीआर में यूएलबी, पीडब्ल्यूडी, एचएसवीपी, एनएचएआई और एचएसआईआईडीसी द्वारा धूल नियंत्रण और प्रबंधन सेल (18 संख्या) का गठन किया गया है और एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग द्वारा जारी निर्देश की अनुपालन में नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। एचएसपीसीबी ने एनसीआर में 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के भूखंड क्षेत्र पर निर्माण परियोजनाओं द्वारा पंजीकरण के लिए धूल प्रदूषण नियंत्रण स्व-मूल्यांकन के लिए वेब पोर्टल बनाया है और यह चालू है। 16 जनवरी 2024 तक 738 साइटें पंजीकृत की गई हैं। 534 स्थानों पर धूल दमन के लिए एनसीआर में निर्माण स्थलों पर एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

उन्होंने बताया कि एनसीआर में बड़ी संख्या में मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें चल रही हैं। हरियाणा के चयनित शहर गुरुग्राम, पानीपत और सोनीपत में प्रदूषण के स्तर और कार्बन उत्सर्जन की जांच का काम ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन पुणे को सौंपा गया है। इसके अलावा अन्य पांच जिलों रेवाड़ी, झज्जर, जींद, रोहतक और चरखी दादरी की योजना बनाई गई है, जिसके लिए टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है। बैठक में हरियाणा प्रदूषण बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेंद्र राव, कृषि व किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, पर्यावरण वन एवं वन्य जीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**गुरूग्राम और फरीदाबाद में चलेंगी ई-बसें**

श्री कौशल ने कहा कि राज्य परिवहन हरियाणा ने हरियाणा के नौ नगर निगम शहरों में संचालन के लिए सकल लागत अनुबंध (जीसीसी) मॉडल के तहत 375 ,12-मीटर ई-बसों की खरीद को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जून 2024 तक सभी 375 ई-बसें शामिल कर ली जाएंगी।

श्री कौशल ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) के माध्यम से ई-बसों की खरीद का भी उल्लेख किया, जो गुरुग्राम और फरीदाबाद (प्रत्येक में 100 ई-बसें) को शामिल करने के लिए शुरू की गई थी। सभी 200 ई-बसों को शामिल करने का काम दिसंबर 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। राज्य परिवहन हरियाणा ने वित्तीय वर्ष के दौरान नवीनतम बीएस-VI उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने वाली 500 नई मानक बीएस-VI डीजल बसें और 150 एचवीएसी बीएस-VI डीजल बसें जोड़ने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि ये सभी प्रस्तावित नई बसें नवंबर 2024 तक बस बेड़े में शामिल कर ली जाएंगी।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हरियाणा के सभी डिपो द्वारा दिल्ली के लिए केवल बीएस-VI मानक वाली बसें ही चलाई जाएंगी। सभी बीएस-III अनुपालन वाली बसें अक्टूबर 2024 से पहले एनसीआर डिपो से चरणबद्ध तरीके से हटा दी जाएंगी। दिल्ली के आसपास के शहर फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोनीपत की सभी राज्य स्वामित्व वाली बीएस-IV अनुपालन वाली बसें अक्टूबर तक गैर-एनसीआर डिपो में स्थानांतरित कर दी जाएंगी। उनके स्थान पर बेड़े की पर्यावरणीय सथिरता को बढ़ाते हुए बीएस-VI अनुपालन वाली डीजल बसें आवंटित की जाएंगी। वर्तमान में हरियाणा में लगभग 1030 बीएस-III अनुपालित डीजल बसें परिचालन में हैं, जिनमें लगभग 500 बसें एनसीआर डिपो में सेवा प्रदान करती हैं। श्री कौशल ने कहा कि अक्टूबर 2024 तक सभी 500 बीएस-III बसों को कंडम कर दिया जाएगा और एनसीआर डिपो से चरणबद्ध तरीके से हटा दिया जाएगा।

वाहन उत्सर्जन को संबोधित करने के लिए, आज तक एनसीआर जिलों में लगभग 10 लाख वाहनों को रंग-कोडित किया गया है। नियमों का 100 प्रतिशत पालन होता है, पंजीकरण प्राधिकारी निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार, उच्च-सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) और रंग-कोडित स्टिकर के अनिवार्य चिपकाए बिना आरसी जारी करने से बचते हैं।

**पराली का किया जा रहा है उचित प्रबंधन**

मुख्य सचिव ने बताया कि हरियाणा सरकार पराली प्रबंधन के लिए कारगर कदम उठा रही है। इस कड़ी में आईओसीएल द्वारा बहोली, पानीपत में 100 केएलपीडी क्षमता का धान का भूसा (पराली) आधारित 2जी इथेनॉल संयंत्र स्थापित किया गया है और यह सालाना 2 लाख मीट्रिक टन धान के पराली की खपत करेगा। प्रदेश में 2.30 लाख टीपीए की कुल क्षमता के साथ 23 फसल अवशेष आधारित ब्रिकेटिंग संयंत्र चालू हैं। उन्होंने बताया कि यंत्रों द्वारा धान की पराली का उपयोग किया जा रहा है। सरकार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की एसएटीएटी पहल के तहत धान की पराली आधारित बायोगैस संयंत्र (सीबीजी) की स्थापना को भी बढ़ावा दे रही है। भारत की अब तक हरियाणा में तेल विपणन कंपनियों द्वारा 1263 टीपीडी की कुल क्षमता के लिए 165 आशय पत्र जारी किए गए हैं। उम्मीद है कि इन पौधों से धान की पराली का अलग-अलग उपयोग किया जा सकेगा। प्रदेश के थर्मल पावर स्टेशन बिजली उत्पादन के लिए आगामी सीजन से कोयले के साथ मिलाकर ईंधन के रूप में 5-7 प्रतिशत धान की पराली का उपयोग करेंगे, जिसके लिए ऊर्जा विभाग (एनआरई) ने थर्मल पावर स्टेशनों के लिए धान की पराली के लिए सेवा क्षेत्र आवंटित किए हैं।

# एमडब्ल्यूबी 60-65 वर्ष तक के सीनियर पत्रकारों को भी अब दे पाएगी एक्सीडेंटल मृत्यु बीमा पॉलिसी

## सबसे पहली पॉलिसी अति वरिष्ठ पत्रकार सतनारायण गुप्ता को दी

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** कब-कैसे और कितना अधिक से अधिक लाभ पत्रकारों को दिया या दिलवाया जा सके, हर मौके पर- हर कदम पर इस प्रयास में अग्रणीय रहने वाली संस्था मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन (रजि.) एक बार फिर अपनी उत्तम सोच को सामने ला पाने में सफल हुई है। इस बार संस्था के अध्यक्ष चन्द्र शेखर धरणी, महासचिव सुरेन्द्र मेहता व कोषाध्यक्ष तरुण कपूर के अथक प्रयासों से एक ऐसा कार्य हो पाया है जिसकी उम्मीद न के बराबर थी। संस्था की लगातार चल रही इंश्योरेंस कंपनी से बातचीत अपने मुकाम पर पहुंच पाई है। दरअसल एक्सीडेंटल मृत्यु बीमा पॉलिसी करवाए जाने की अधिकतम उम्र सभी कंपनीयो द्वारा 60 वर्ष निर्धारित की हुई है, हर कंपनी इसी मापदंड पर अपने उपभोक्ताओं को बीमें का लाभ देती है। लेकिन मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन इस उम्र पैमाने को 60 से 65 वर्ष करने को लेकर लगातार कई कंपनियों से बातचीत जारी रखे हुए थी। क्योंकि इस फील्ड में बहुत से पत्रकार 60 वर्ष से भी अधिक उम्र के हैं। लेकिन उन्हें संस्था द्वारा करवाई जा रही इस बीमा पॉलिसी का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा था। हर कंपनी इस नियम का हवाला देकर इसके लिए इंकार कर रही थी।

**वंचित सदस्य साथियों (60-65 वर्ष) की बीमा पॉलिसी करवाकर जल्द करेंगे सुपुर्द : धरणी**

पिछले तीन वर्षों से संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी 65 वर्ष तक के इन सीनियर सिटीजन पत्रकारों को यह लाभ देने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए थे और हर बार कंपनी अपने मुख्य कार्यालय की तरफ से इंकार और नियमों का हवाला दे रहे थे। अब संस्था के यह प्रयास आखिरकार सफल हुए हैं। बीमा कंपनी ने इस अनुरोध को स्वीकार किया है। बता दें कि हाल ही में संस्था द्वारा प्रदेश के काफी ऐसे पत्रकार जो 60 से 65 की उम्र के बीच के थे, उनकी पॉलिसी करवाई है और सबसे पहली पॉलिसी अति वरिष्ठ पत्रकार सतनारायण गुप्ता को समर्पित की है। इस बारे संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने बताया कि प्रदेश में ही नहीं पूरे देशभर में संस्था से जुड़े 60 से 65 की उम्र के सदस्यों के सम्मान के लिए यह लड़ाई लड़ी गई थी। बहुत जल्द संस्था इस लाभ से वंचित सीनियर सिटीजनस पत्रकारों की पॉलिसी करवाकर उनके सुपुर्द करेगी।

**संस्था के अथक प्रयासों से ही पत्रकारों को सरकारी सिस्टम से मिल पाए हैं अधिकार : गुप्ता**

पॉलिसी मिलने के बाद काफी संतुष्ट और खुश नजर आए गुप्ता ने संस्था की सोच और कार्यशैली की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यह उनके लिए बेहद सम्मान की बात है कि संस्था लगातार उन्हें मिलने वाले इस लाभ के लिए प्रयासरत थी। उन्होंने कहा कि वास्तव में मीडिया



वेलबिंग एसोसिएशन पत्रकारों की भलाई व कल्याण के लिए दिल से कार्य करने वाली एकमात्र संस्था है। जिस प्रकार से अपने निजी कोष से मजबूर पत्रकारों को आर्थिक मदद संस्था द्वारा दी गई और सरकार से भी मदद दिलवाई गई, यह वास्तव में बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि समाज में पत्रकार ही एकमात्र ऐसा साधन है जो सरकार की गलत नीतियों पर जनता के लिए सरकार से अपनी कलम के माध्यम से लड़ाई लड़ता है और जनता को उनके अधिकार दिलवाता है, वहीं जनता में होने वाले गलत कार्य बिना किसी डर - लालच के अपनी लेखनी के माध्यम से जग जाहिर करता है जो सरकार और प्रशासन के संज्ञान में भी आता है, जिस कारण से उसका समाधान भी होता है। लेकिन इस भूमिका में पत्रकार केवल और केवल हैंड टू माउथ यानि कमजोर आर्थिक संपनता की स्थिति में रह जाता है। ना तो समाज इसका संज्ञान लेता है और ना ही सरकारी तंत्र। आज तक बहुत से संगठन पत्रकारों के कथित हितों के नाम पर बने, लेकिन ना ही अपने स्तर पर ना ही सरकारी स्तर पर बहुत ज्यादा लाभ पत्रकारों को हो पाया। मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन हर कदम पर पत्रकारों के न केवल दुखों और तकलीफों में खड़ी नजर आ रही है, बल्कि आर्थिक रूप से उनकी मदद भी करती है। सरकारी स्तर पर जो अधिकार बहुत पहले मिल जाने चाहिए थे इस संस्था के अथक प्रयासों से सरकारी सिस्टम का ध्यान पत्रकारों के हितों की तरफ जा पाया है। आज चाहे पेंशन मिल पाने की बात हो, कैशलेस मेडिकल सुविधा मिल पाने की बात हो या अन्य कई नीतियां- पॉलिसियों बन पाने की बात हो, इन सभी बातों में इस संस्था का योगदान बेहद अग्रणीय रहा है। गुप्ता ने कहा कि सीनियर सिटीजन पत्रकारों को इंश्योरेंस पॉलिसी दिलवाने के लिए जो प्रयास संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी द्वारा किए गए, वास्तव में यह उनकी सकारात्मक सोच का एक प्रमाण है।

# 4 फरवरी को रोहतक में करेंगे जोरदार रैली : सर्व कर्मचारी संघ

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** कर्मचारियों के लम्बित मांग मुद्दों व सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 4 फरवरी को रोहतक में राज्य स्तरीय रैली करेगा। इसकी तैयारी को लेकर श्रध्दानंद पार्क में खंड पलवल की कैन्वशन हुई। जिसकी अध्यक्षता खंड प्रधान राजकुमार डागर ने की, संचालन खंड सचिव हरकेश सौरोत ने किया। जिला प्रधान राजेश शर्मा ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाली, रेगुलरइजेशन की नीति बनवाने, विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने व विभिन्न वर्गो के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को ठीक करवाने, कौशल रोजगार निगम की समाप्ति, आदि 15 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर रोहतक में जोरदार रैली की जायेगी। अब से लेकर से 31 जनवरी तक रैली की तैयारियों को लेकर पूरे प्रदेश में जत्थे चलाए



जाएंगे। इसी कड़ी में जिले के सभी ब्लॉकों में कैन्वशन की जा रही हैं। होडल ब्लॉक में 18 जनवरी को, हसनपुर 19 जनवरी को कन्वेंशन होगी। आज की कैन्वशन को सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव योगेश शर्मा, कोषाध्यक्ष देवी सिंह सहजवार, बिजली बोर्ड यूनियन के राज्य उपमहासचिव जितेन्द्र सिंह तेवतिया, मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन राज्य उपप्रधान राकेश तंवर, किसान सभा के जिलाध्यक्ष धर्म चन्द, मास्टर महेन्द्र सिंह चौहान, सोहनपाल चौहान, रुपराम तेवतिया, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला प्रधान ओमप्रकाश जाखड, सचिव थान सिंह शर्मा, महेश चन्द शर्मा,नगरपालिका जिला प्रधान कन्हैयालाल ठाकुर, इकाई प्रधान सतवीर आदि नेताओं सम्बोधित किया।

# पुलिस ने 9 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में चंद घंटों में ही आरोपी पर कसा शिकंजा

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** पुलिस ने नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में चंद घंटों में ही आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कैंप थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण के अनुसार थाना अंतर्गत मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी नौ वर्षीय बेटी एलकेजी कक्षा में पढ़ाई करती है। उसकी बेटी 14 जनवरी को सुबह अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी। उसी दौरान आरोपी आया और बेटी को टाफी दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया ।आरोपी बच्ची को पास ही बने एक स्कूल में ले गया। स्कूल के दरवाजे का ताला लगा हुआ था। इसके बाद आरोपी उसकी बेटी को दीवार से कूदाकर स्कूल में ले गया। स्कूल के कमरे में ले जाकर उसने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं और फिर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने उसकी बेटी को 20 रुपये दिए और बच्चों के साथ ही गली में छोड़कर फरार हो गया।

उसकी बेटी घर पहुंची तो उसकी मां ने पूछा कि वह उसे काफी देर से ढूंढ रही थी, वह कहां थी। जिस पर उसकी बेटी ने पूरी आपबीती बता दी। प्रभारी थाना में आगे बतलाया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इस सम्बन्ध मे त्वरित मामला दर्ज किया गया तथा एसपी महोदया डॉ अंशु सिंगला के निर्देशन में कार्य करते हुए उनकी टीम ने आरोपी को चंद घंटे में ही धर दबोचा। आरोपी को पेश अदालत किया गया जहां अदालत ने आरोपी को बंद कारागार के आदेश फरमाए।



# आरटीआई का दबाव बनाकर शिक्षण संस्थान संचालक से 50 लाख रूपये की फिरौती मांगने के आरोप में एक्टिविस्ट व उसके पिता के खिलाफ पुलिस ने किया केस दर्ज

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** क्षेत्र के एक आरटीआई एक्टिविस्ट द्वारा निजी शिक्षण संस्थान संचालक से आरटीआई के नाम पर 50 लाख रूपये की मांग करने के आरोप में पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पिता-पुत्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। भय से थर-थर कांप रहे पीडित व्यक्ति ने पुलिस से जानमाल की सुरक्षा की भी मांग की है।

इस बारे में कनीना उपमंडल के गांव सेहलंग स्थित बीआर शिक्षण संस्थान के संचालक हरीश भारद्वाज ने प्रदेश के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को भेजी शिकायत में कहा कि उनके द्वारा सेहलंग में बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीआर डिग्री कॉलेज तथा बीआर कॉलेज ऑफ एजूकेशन नाम शिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। जो सरकार तथा शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त हैं ओर उनके दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं। संचालन समिति की ओर से इनके संचालन में बडी राशि खर्च

**डीजीपी के निर्देश पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज**

**डीएसपी कनीना को सौंपी जांच की कमान**

की गई है। इन शिक्षण संस्थानों में हजारों विद्यार्थी कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उनकी ओर से नियमानुसार शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरोपी प्रदीप कुमार एक शरारती किस्म का व्यक्ति है जो आरटीआई अधिनियम के तहत आवेदन दायर कर संस्थानों को ब्लैकमेल करने की आदत रखता है। उसके द्वारा जनता जन सेवक नामक एनजीओ चलाया जा रहा है। जिसमें वह संस्थानों के खिलाफ आवेदन दायर कर आरटीआई एक्ट का भी दुरूपयोग कर ब्लैकमेल कर रहा है। समाज में बदनामी के भय से पीडित व्यक्ति इसके खिलाफ कोई शिकायत नहीं देते जिससे इसका मनोबल बढ रहा है। आरटीआई के भय से कुछ पुलिस कर्मी भी इसके खिलाफ कार्रवाई करने से भय मान रहे हैं। आरोपी प्रदीप ने शिक्षण संस्थान संचालक के खिलाफ आरटीआई एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कराते हुए फिरोति के नाम पर 50 लाख रूपये देने की मांग की है,राशि नहीं देने पर शिक्षण संस्थान बंद कराने की धमकी दी है। इस संदर्भ में पीडित स्कूल संचालक के पास आरोपी प्रदीप कुमार व उसके पिता प्रेम निवासी भडफ़ की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी है। जिसमें वे हरीश से अवैध रूप से फिरौति देने की मांग कर रहे हैं। इस बारे में उनी ओर से अधिकारियों को संपर्क भी साधा गया। पुलिस ने डीजीपी के निर्देश पर आरटीआई एक्ट का दबाव बनाकर 50 लाख रूपये की मांग करने वाले पिता प्रेम तथा पुत्र प्रदीप के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जिसकी जांच डीएसपी कनीना की ओर से शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एनएसएस कैंप के समापन समारोह का हुआ आयोजन

**सिटी 24 न्यूज/संजय राघव**

**सोहना।** राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई की ओर से चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। अध्यापक किरशन पाल ने आयोजित कार्यक्रम में सप्ताह भर चले कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पत्रकारों ने अपने अनुभव छात्रों के साथ शेयर किया छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए समाज में नशे की जैसी कुरीतियों को उजागर किया पर्यावरण को लेकर भी उन्होंने लोगों को अपना संदेश दिया। इस दौरान स्वयंसेवक छात्रओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एनएसएस अधिकारी विजय लक्ष्मी ने सप्ताह भर चले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दीबतौर मुख्य अतिथि प्रिंसीपल जयबीर सिंह ने स्वयंसेवक छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है। छात्र जीवन वह भी एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों की समाज के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही ज्यादा रहती है इसलिए इस प्रकार के शिविर अनुशासन में जीना और अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं। उन्होंने सभी से प्रकृति के साथ जुड़े रहने की आवश्यकता पर बल दिया। मंच संचालन से प्रध्यापक किरशन पाल ने शिविर के दौरान किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रा रेनू सैनी को छात्र वर्ग का श्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। इस मौके पर वाईस प्रिंसीपल प्रीति कुमारी, श्रीभगवान, नरेश कुमार, अनिल कुमार व समस्त स्टाफ सदस्य उपसथित थे।

# पुलिस ने भोजावास में बाईक सवार युवक से काबू की 12 बोतल अवैध देशी शराब

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना पुलिस टीम ने छापेमारी कर भोजावास के एक युवक से 12 बोतल अवैध देशी शराब मार्का असली संतरा मसालेदार बरामद की है। इस बारे में थाना अध्यक्ष रामनाथ ने बताया कि पुलिस द्वारा नाकाबंदी की हुई थी इस दौरान एक युवक बाईक पर सवार होकर बोहका की ओर से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसकी बाईक को रूकवाना चाहा तो वह प्लासटिक का कट्टा गिराकर भाग गया। कट्टे की जांच की तो उसमें 12 बोतल देशी शराब बरामद हुई। अवैध शराब के आरोपी की पहचान सुनील वासी भोजावास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कड़ाके की ठंड व धुंध और कोहरे के बीच 311वें दिन जारी रहा ग्रामीणों का धरना

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच कट के लिए ग्रामीणों को धरना 311वें दिन भी जारी रहा। धरने कि अध्यक्षता पूर्व सरपंच बेड़ा सिंह बाघोत ने की और उन्होंने बताया कि हमें दुख है कि धरना स्थल से एक सक्रिय साथी हार्ट अटैक के चलते अकाल विदा हो गया। उन्होंने कहा कि ठंड जोरों पर है, धुंध और कोहरा फैला हुआ है। सर्दी के कारण धरना स्थल पर बैठे किसान बीमार हो रहे हैं लेकिन कट के प्रति लोगों का हौंसला बरकरार है। ईधर इस कट बनाने की मांग को लेकर प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यतंत चौटाला केंद्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिले। जिन्होंने शीघ्र ही कट का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। इस मौके पर विजय पाल, डॉ. लक्ष्मण सिंह, पहलवान रणधीर सिंह, पहलवान धर्मपाल, रामकिशन, चेयरमैन सतपाल, सूबेदार हेमराज अत्री,पंडित मनीराम, दाताराम, बाबूलाल, सीताराम, प्यारेलाल, मास्टर विजय सिंह, पंडित संजय कुमार, रामकुमार, प्रधान कृष्ण कुमार, पूर्व सरपंच हंस कुमार, रामकिशन, सुरेंद्र सिंह, सतनारायण, वेद प्रकाश, ओमप्रकाश, रामभज, रोशन लाल आर्य, राहुल, मनफूल, सीताराम करतार हाजिर थे।

# विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने कक्षा एक से तीन के लिए शीतकालीन अवकाश 20 जनवरी तक बढ़ाया



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालय शीतकालीन अवकाश के उपरांत 16 जनवरी, 2024 से कक्षा 4 से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पुन: खोले जाने बारे विभागीय आदेश जारी हुए है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा इस आशय एक परिपत्र में कहा गया कि कक्षा एक से तीन के लिए शीतकालीन अवकाश को 20 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला नूंह के अधीन सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में कक्षा 4 व 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए भी 20 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी पत्र में निर्देश दिए है कि सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के लिए 16 जनवरी से पहले की भांति विद्यालय में उपसथित होना अनिवार्य होगा। सभी विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक होगा। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए है कि वे जिला में निदेशालय द्वारा 15 जनवरी के पत्र में जारी हिदायतों की भी दृढ़ता से पालना करवाना सुनिश्चित करें।

# गरिमामयी ढंग से 26 जनवरी को मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

**शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां की शुरू**

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी शुरू कर दी हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में बेहतर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल उजीना, हिंदू विद्या निकेतन स्कूल नूंह, हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मारिया मंजिल स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डीएवी पर्बलिक स्कूल नूंह, कंट्री ग्रामर स्कूल, मॉडर्न मदर प्राइड स्कूल, आदित्य आर्मी स्कूल, सरदार गुरमुख सिंह मेमोरियल स्कूल नूंह तथा शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला कॉलेज सालाहेड़ी, राजकीय लाला हरद्वारी लाल कॉलेज तावडू, पॉलिटेक्निकल कॉलेज मालब, आईटीआई मरोड़ा,



आईटीआई तावडू के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी शुरू कर दी है। ये बच्चे संबंधित स्कूल व कॉलेज के प्रिंसिपल, एफएलएन कार्डिनेटर कुसुम मलिकके दिशा निर्देश अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा मास पीटी शो की प्रस्तुति दी जाएंगी।

एनसीसी स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रस्तुति राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल घासेड़ा व वाईएमडी कॉलेज द्वारा दी जाएगी। इस समारोह में पुलिस विभाग, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड्स व स्कूली बच्चों द्वारा प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़िया मार्च पास्ट में भाग लेंगी तथा विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं से संबंधित आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। बता दें कि गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए बीते दिन ही उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने संबंधित विभागों की मीटिंग लेकर उन्हें जरूरी प्रबंध व तैयारी समय पर करने के आदेश दिए थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही सुदंर व गौरवमयी ढंग से मनाया जाएगा। इसके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमें व मार्च पास्ट की टुकड़ियां सभी आवश्यक तैयारियां अच्छी प्रकार से पूरी कर लें।

# गुरु गोविंदसिंह जयंती पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने लगाया चाय का लंगर

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज बुधवार सुबह परशुराम चौक (लेबर चौक) पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल की ओर से गुरुनानक स्पोर्टस के सहयोग से चाय का लंगर लगाया गया। इस विषय में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि लंगर की शुरुआत हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य तेजेन्द्र पाल सिंह नीनू एवं दर्शन मिगलानी के हाथों की गई।




कार्यक्रम में बोलते हुए अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह भारतीय जनमानस के नायक हैं। धर्म रक्षा हेतु उनके बलिदान की गाथा अमर है। उनकी जयंती को सेवा दिवस के मनाने का उदेश्य उन्हें नमन करना है । दिनेश शर्मा और नरोत्तम सोनी ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित राहगीरों एवं श्रमिकों को सर्दी के मौसम में चाय और बिस्किट वितरित किए गए द्य साथ ही गुरु गोविंद सिंह जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए । चाय के लंगर में 300 श्रमिकों को चाय और बिस्किट खिलाकर गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद, ट्रस्टी नरोत्तम सोनी, दिनेश शर्मा प्राचार्य, भीमसेन शर्मा, शिक्षाविद राकेश शर्मा, सरदार तेजेन्द्रपाल सिंह, सरदार गुरु दयाल सिंह, सरदार जितेन्द्र सिंह, दर्शन मिगलानी, अजय शर्मा, प्रद्युम्न कौशिक और अनेक ज़न उपस्थित रहे।

# शहर के मोहल्लों में सीवर व्यवस्था चरमराई, सीवर ओवरफ्लो

## लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** शहर में सीवर व्यवस्था का बुरा हाल है। शहर में अनेक जगहों पर सीवर ओवरफ्लो होने तथा बंद होने की समस्याएं सामने आ रही है। लोगों की शिकायत है कि इस ओर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के वार्ड नंबर 25 मौहल्ला मिश्र वाड़ा में भी शिविर की समस्या कई दिनों से बदहाल है। यहां पर शिविर जाम होने के कारण लोगों के घरों में सीवर का पानी भरने लग गया है। इस समस्या से परेशान मोहल्ला वासियों ने आज प्रदर्शन कर जन स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।



शहर में अनेक जगह सीवर की समस्या काफी समय से खराब चली हुई है। अनेक मोहल्लों में सीवर लाइन ओवर फ्लो रहती है। शहर के सेक्टर एक में भी सीवर व्यवस्था का बुरा हाल है। जिसके चलते सेक्टर की प्रधान ने भी ग्रीवेंस की बैठक में मंत्री रणजीत सिंह चौटाला के सामने समस्या रखी थी। इस पर ग्रीवेंस के अनेक सदस्यों ने भी जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की शिकायत करते हुए कहा था कि शहर में सीवर व्यवस्था ठीक करने के लिए और विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे।

इस पर मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा था कि अधिकारी इस ओर ध्यान दें अगर अगली मीटिंग में उनके सामने यह समस्या आती है तो वह अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई भी करेंगे। मंत्री के आदेश के बाद भी शहर में सीवरेज के ओवर फ्लो होने और बंद होने की समस्या आम है।

आज शहर के मौहल्ला मिश्र वाडा में सत्यनारायण मंदिर के पास भी सीवर ओवर फ्लो होने की समस्या को लेकर मोहल्ला वासी भी बिफर पड़े और सड़क पर इकट्ठा हो गए। इस बारे में मोहल्ला वासी राजीव जैन, रमेश सोनी व बल्ली सहित अनेक मोहल्ला वासियों ने बताया कि कई दिनों से यह समस्या उनके मोहल्ले में बनी हुई है। लेकिन बार-बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा । जिसके चलते सीवर का गंदा पानी उनके घरों में आने लग गया है। इससे उनके घरों के अंदर दुर्गंध बनी हुई है। जिसके कारण महामारी होने का खतरा बन गया है। विभाग और जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते मोहल्ला वासियों ने आज विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन व विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# कुलताजपुर गांव में दो दुकानों में चोरी

## एक में 90 हजार का सामान ले गए, दूसरे में पूरी दुकान खाली कर गए



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** सदर थाना अंतर्गत आने वाले गांव कुलताजपुर चौक पर बनी दो दुकानों से चोर करीब 90000 रुपए का सामान चुरा ले गए । पीडि़त दुकानदारों के अनुसार कर उनकी दुकान को पूरी तरह से साफ कर गए तथा कोई भी सामान उन्होंने नहीं छोड़ा। इस बारे में पीडि़त दुकानदारों ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में गांव कुलताजपुर निवासी रवि कुमार ने बताया कि उसने कुलताजपुर चौक पर एक दुकान की हुई है। वह गत रात्रि दुकान को बंद करके अपने घर पर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसे उसकी दुकान का ताला टूटा मिला। इस पर उसने तुरंत डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया। मौके पर आई पुलिस ने जब उसकी दुकान को चेक किया तो उसे उसकी दुकान में से एक गैस सिलेंडर, एक चुल्हा, अंडों के करीब 100 ट्रें, बीड़ी के पैकेट, सिगरेट के पैकेट, ट्रॉफी के पैकेट व चॉकलेट के पैकेट गायब मिले। दुकानदार के अनुसार कर उसकी दुकान से सारा सामान ले गए। वही चोरों ने साथ लगते पवन कुमार की दुकान को भी अपना निशाना बनाया। यहां से भी कर हजार रुपए का सामान चुरा ले गए ।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिए।

# डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के प्रयास से बाघोत को मिला 152डी पर एंट्री व एग्जिट प्वाइंट, 40 गांवों को सीधा फायदा



**दुष्यंत चौटाला ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर दिलाई मंजूरी, ग्रामीणों ने जताया आभार**

**4 को धरने पर पहुंचे डिप्टी सीएम, 8 को चंडीगढ़ मिले ग्रामीण, अब 17 जनवरी को गडगरी से दिलवाई मंजूरी, बाघोत में होगा एंट्री व एगजिट प्वाइंट**

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** जिला के लोगों के लिए अच्छी खबर है। राष्ट्रीय राजमार्ग-152डी पर बाघोत के पास एंट्री एवं एगजिट प्वाइंट (आवागमन कट) की मंजूरी मिल गई है। इससे बाघोत में 311 दिन से धरना दे रहे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। दरअसल, चार जनवरी को धरना स्थल पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मुलाकात की थी और 152-डी पर कट होने की पूरी बात को समझा था। इसके बाद धरना देने वाले ग्रामीणों को चंडीगढ़ आने का न्यौता दिया था ताकि प्रदेश स्तर पर इसका रास्ता निकाला जा सके। ग्रामीण भी चार दिन बाद आठ जनवरी को चंडीगढ़ पहुंचे और वहां डिप्टी सीएम से मुलाकात की। वहां पीडब्ल्यूडी विभाग एवं एनएचआई के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। पूरी प्रक्रिया से अवगत होने के बाद बुधवार डिप्टी सीएम केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी से मिले और बाघोत कट नहीं होने से हो रहे नुकसान और कट होने के जनहित फायदों से अवगत करवाया। इसके बाद नितिन गडकरी ने 152डी पर बाघोत के पास एंट्री एवं एगजिट प्वाइंट बनाने की मंजूरी दी। इससे सीधे तौर पर करीब 40 गांवों को फायदा मिलेगा। सबसे बड़ी बात, धार्मिक आस्था का केंद्र बाघोत धाम में भगवान शिव मंदिर के दर्शन करने के लिए भी अब आसानी से दूसरे जिले के लोग 152डी मार्ग से पहुंच सकेंगे।

बाघोत में 152डी पर कट की मांग को लेकर कई गांवों के ग्रामीण कई महीनों से धरने पर बैठे थे। जब डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का दो दिवसीय दौरा जिला में तय हुआ तो उनके समक्ष कार्यकर्ताओं ने यह मुद्दा उठाया। जनहित से जुड़े इस कार्य के लिए डिप्टी सीएम चार जनवरी की शाम धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। फिर उन्हें आश्वासन दिया कि आपका यह कार्य करवाने का वह भरपूर प्रयास करेंगे। धरने से जुड़े कुछ लोग चंडीगढ़ आए वहां अधिकारियों को बुलाकर समाधान निकाला जाएगा। डिप्टी सीएम की ओर से मिले इस न्यौते को धरना देने वाले लोगों ने कबूला और चार दिन बाद आठ जनवरी को चंडीगढ़ जजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यू राव की अगुवाई में पहुंचे। वहां डिप्टी सीएम ने इन लोगों के सामने ही पीडब्ल्यूडी व एनएचआई विभाग के अधिकारियों को बुलाकर और विचार विमर्श किया।

इसके बाद 17 जनवरी बुधवार को डिप्टी सीएम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले और बाघोत कट को लेकर मजबूती से पक्ष रखा। इस मुलाकात के बाद केंद्रीय सड़क मंत्री ने बाघोत में कट की डिमांड पूरी करने की मंजूरी दी। इस मंजूरी के बाद जजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यू राव व अटेली हलका अध्यक्ष कुलदीप कलवाड़ी के साथ-साथ धरना कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह चेयरमैन, संयोजक महिपाल नंबरदार, सरपंच दलबीर सिंह चिड़िया, सरपंच पंकज खेड़ी, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश झाड़ली, सरपंच प्रतिनिधि बलवानसिंह छितरोली, सरपंच जीतराम मोहनपुर, डा. लक्ष्मण यादव सेहलंग सहित बाघोत के आस-पास के गांवों के ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार जताया है।

# राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय एवं कॉलेज में शौचालय व वाटरहट हेतु करवाया भूमिपूजन

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल सिटी द्वारा कुछ दिन पहले ही शहर के नई मंडी स्थित प्रतिष्ठित व्यापारी राघव शरण रमेश चन्द्र पंसारी के सौजन्य से नारनौल के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए एक शौचालय एवं पीने के पानी के लिए आरओ युक्त शीतल पानी की वाटरहट बनवाने की घोषणा की गई थी। जिसके लिए बुधवार को रोटरी क्लब द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शौचालय व वाटरहट की जमीन का भूमिपूजन करवाया गया। भूमिपूजन में रमेश चन्द बंसल के पुत्र कृष्ण बंसल तथा सोनु बंसल अपनी धर्मपत्नी प्रीति बंसल संग मुख्य यजमान रहे। पंडित महेन्द्र शर्मा शास्त्री ने पूर्ण विधि विधान पूर्वक मुख्य यजमान सोनु बंसल व प्रीति बंसल के करकमलों द्वारा पूजा अर्चना करवाकर भूमिपूजन करवाया। पूजा अर्चना के उपरांत मुख्य यजमान ने अपने हाथों से नींव पूजन कर निर्माण का शिलान्यास किया। इस निर्माण कार्य के मुख्य सहयोगी रमेश चन्द बंसल ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी की पावन स्मृति में कन्या विद्यालय में यह निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। ताकि यहां षिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राओं को इनकी सुविधा मिल सके और छात्राओं को इसके लिए समस्या का सामना ना करना पडे।



वहीं दूसरी ओर रोटरी क्लब नारनौल के पूर्व प्रधान मनीष अग्रवाल के सौजन्य से क्लब द्वारा शहर के पीजी महाविद्यालय में भी एक आरओ शीतल पेयजल की वाटरहट का भूमिपूजन भी किया गया। मनीष अग्रवाल के भाई मधुर गर्ग ने कहा कि पीजी कॉलेज क्षेत्र का प्राचीनतम कॉलेज है और समय के साथ यहां विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर इजाफा होता रहा है। इसलिए उन विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वाटरहट का निर्माण उनके पिता निरंजन लाल गर्ग व माता राजेश्वरी गर्ग द्वारा दादा दादी की स्मृति में उनकी मणिमदन फाउंडेशन के तहत करवाया जा रहा है। विद्यालय को इस सौगात के सूत्रधार रोटरी क्लब के कोषाध्यक्ष विनय मित्तल तथा प्रधान नरेश गोगिया ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से जल्द ही यह वाटरहट एवं शौचालय की सौगात विद्यालय के सुपुर्द कर दी जाएगी। इस अवसर पर प्राचार्या शीला कुमारी, विजय सिंह, मूलचंद, एडवोकेट राजकुमार यादव, संजय गर्ग, प्रवीण संघी, नरेष गोगिया, विनोद चैधरी, विनय मित्तल, विजय जिंदल, हितेन्द्र शर्मा, विवेक अग्रवाल, सीए विकास अग्रवाल, पवन यादव आदि उपस्थित रहे।

# विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बुधवार को अटेली खंड के रामपुरा व कटकई, सिहमा खंड के गांव सुरानी व छापड़ा सलीमपुर तथा महेंद्रगढ़ शहरी क्षेत्र के रणवीर सिंह हुडा पार्क में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव रामपुरा में समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश शर्मा व कटकई में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुगन चंद सैनी, सुरानी व छापड़ा सलीमपुर में एससी मोर्चा के प्रधान कर्मवीर खींची, महेंद्रगढ़ शहरी क्षेत्र के रणवीर सिंह हुडा पार्क में भाजपा प्रदेश यूवा मोर्चा कार्यकारणी सदस्य नवीन शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों को विभागीय स्कीमों का लाभ व जानकारी दी।



**विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नारनौल नगर परिषद क्षेत्र में 9 स्थानों पर लगेंगे कैंप**

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 18 जनवरी को वार्ड नंबर 4 व वार्ड नंबर 21 से 27 तक के लोगों के लिए नगर परिषद कार्यालय में सुबह 10 से सांय 5 बजे तक कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 19 जनवरी को वार्ड नंबर 28 व वार्ड नंबर 14 से 20 तक के लोगों के लिए संस्कृति मॉडल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में सुबह 10 से 5 बजे तक कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को वार्ड नंबर 1, 4, 29, 30 व 31 के लोगों के लिए जिला कारागार के नजदीक पार्किंग मार्केट हाउसिंग बोर्ड में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 से सांय 5 बजे तक पार्क किरारोद अफगान में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

22 जनवरी को वार्ड नंबर 6 व 7 के निवासियों के लिए सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर में तथा दोपहर 2 से सांय 5 बजे तक वार्ड नंबर 8, 9 व 10 के निवासियों के लिए पटीकरा ठाकुर जी मंदिर में कैंप का आयोजन किया जाएगा। 23 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक वार्ड नंबर 11 व 12 के निवासियों के लिए राजकीय मिडिल स्कूल ढाणी कोजिंदा में तथा वार्ड नंबर 13 के निवासियों के लिए दोपहर 2 से सांय 5 बजे तक मांदी महादेव मंदिर में कैंप का आयोजन किया जाएगा। 24 जनवरी को सुबह 10 से सांय 5 बजे तक वार्ड नंबर 3 व 5 के निवासियों के लिए राजकीय मिडिल स्कूल नजदीक शीतला माता मंदिर नूनी अव्वल में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# कोहरे व शीतलहर ने लोगों को सताया; न्यूनतम तापमान 3.5 पहुंचा, हरियाणा एनसीआर में अलर्ट जारी

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** क्षेत्र में हाड़ कंपा देने वाली ठंड का कहर लगातार जारी है। कोहरा की वजह से सुबह सड़क गीली दिखाई दी। वहीं, बुधवार को न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिसकी वजह से नारनौल में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। वहीं बीते दिन नारनौल में 3.0 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया था। इसके बावजूद हाड़ कंपा देने वाली ठंड का आगाज जारी है। हालांकि दोपहर तक सूर्य देव दर्शन नहीं देने से लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली। कोहरे की वजह से सुबह सवेरे भीषण ठंड में स्कूल में जाने वाले बच्चों व अपने कार्यों के लिए जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि दिसंबर और अब जनवरी महीने का पहला पखवाड़ा बीत गया है, लगातार एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुए परंतु इनके द्वारा उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी और हरियाणा एनसीआर दिल्ली में केवल आंशिक बादलवाही देखने को मिली। इस दौरान बारिश की गतिविधियां नदारद रही। जब मौसम प्रणाली सक्रिय हुई उस दौरान नमी वाली हवाओं से संपूर्ण इलाके में आर्द्रता में बढ़ोतरी हुई। जिसकी वजह से संपूर्ण इलाके में वायुमंडल में ऊपरी सतह और साथ ही निचले स्तर पर कोहरा की सघन सफेद चादर बिछी रही। जिसकी वजह से लगातार कोल्ड डे की स्थिति बनी रही। जिसकी वजह से भारतीय मौसम विभाग ने हरियाणा एनसीआर पर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**वाहन चालकों के लिए कोहरा बना मुसीबत**

कोहरा की वजह से दृश्यता 10 मीटर के पास पहुंचने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह दृश्यता कम होने की वजह से वाहनों की गति पर अंकुश लग गया। ऐसे मौसम में सड़क हादसे होने की ज्यादा संभावना रहती है। जनवरी माह का आधा बीत चुका है लेकिन अभी भी लोगों को ठंड से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। हालांकि नारनौल क्षेत्र में दो-तीन दिन तक अच्छी धूप खिली है। जिससे चलते अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेलसियस तक पहुंच गया था। लेकिन दो-तीन दिन छाई धूप के बाद आज फिर से क्षेत्र में कोहरा पड़ा क्षेत्र में रात से ही कोहरा पड़ना शुरू हो गया था, जो दिन के करीब 12 तक पड़ता रहा। कोहरा छाने की वजह से लोगों को एक बार फिर दिन में के समय सर्दी का एहसास हुआ तथा लोग दिन के समय भी अलाव जलाकर सर्दी से बचते नजर आए।




| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 9 जनवरी | 14.2 | 6.5 |
| 10 जनवरी | 17.0 | 2.5 |
| 11 जनवरी | 18.0 | 2.2 |
| 12 जनवरी | 20.0 | 3.0 |
| 13 जनवरी | 21.5 | 2.0 |
| 14 जनवरी | 22.5 | 1.8 |
| 15 जनवरी | 21.0 | 3.0 |
| 16 जनवरी | 22.0 | 3.0 |

सिटी 24 न्यूज
सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# 'जनआक्रोश रैली' में तिगांव क्षेत्र की जनता करेगी बदलाव का शंखनाद : ललित नागर

## जन आक्रोश रैली की सफलता को लेकर पूर्व विधायक ने किए गांवों के तूफानी दौरे



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** आगामी 4 फरवरी को तिगांव विधानसभा अंतर्गत आने वाले ऐतमादपुर के ग्राउंड में होने वाली कांग्रेस की 'जन आक्रोश रैली' की सफलता को लेकर पूर्व विधायक ललित नागर ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। कडक़ड़ाती ठंड में गांव-गांव जाकर लोगों को रैली में आने के लिए आमंत्रित कर रहे है, इसी कड़ी पूर्व विधायक ललित नागर ने आज गांव घरौंडा, रायपुर, अल्लीपुर, मंझावली, मौजाबाद, चिरसी, कबूलपुर में तूफानी दौरे करके नुक्कड सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने लोगों को इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आमंत्रित किया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री नागर ने कहा कि कि जनआक्रोश रैली में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा उपस्थित होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा शिरकत करेंगे वहीं रैली की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान करेंगे। इसी के साथ-साथ जिले के कांग्रेसी नेता इस रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस दौरान नुक्कड सभाओं में लोगों को संबोधित करते हुए ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस सालों में केवल लोगों को लोक लुभावने वायदे करके गुमराह करने का काम किया है, तिगांव क्षेत्र की बात की जाए तो यहां दस सालों में विकास के नाम पर एक ईट तक नहीं लगी, गांव हो, सेक्टर हो या फिर कालोनियां हर जगह लोग बुनियादी सुविधाओं से महरूम है, न तो अधिकारी लोगों की सुनते और न ही क्षेत्रीय विधायक। उन्होंने कहा कि तिगांव क्षेत्र में जो विकास कार्य कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए थे, उन विकास कार्यो की मैटेंनेस तक इस सरकार में नहीं हुई, इससे साबित होता है कि भाजपा सरकार केवल और केवल झूठ और जुमलेबाजों की सरकार है। श्री नागर ने कहा कि जनआक्रोश रैली के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा व प्रदेशाध्यक्ष उदयभान जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश भरेंगे वहीं जनता के समक्ष भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की नाकामियों को भी उजागर करेंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित सभी शीर्ष नेताओं के ओजस्वी विचारों को सुने। इस मौके पर ग्रामीणों ने ललित नागर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि वह जनाक्रोश रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे कामयाबी बनाएंगे। इस अवसर पर मास्टर राममूर्ति शर्मा, रवि त्यागी सरपंच, किशन चंद त्यागी, सरपंच रतन पाल नागर, राजपाल त्यागी, राकेश त्यागी, स्वराज मास्टर, मांगे महासय जी, वीर सिंह भडाना, बिजेंद्र सिंह तंवर, रमेश चंद्र सरपंच, रंजीत मेंबर, गुरदेव सिंह, सोनू यादव, आजाद भाटी, दयाचंद भाटी, अरुण यादव, ताराचंद यादव, रज्जू प्रधान, परमानंद मेंबर, टेकचंद मेंबर, राजपाल सिंह, ज्ञान मास्टर, सुरेंद्र नागर, पंडित ओमप्रकाश सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा ने प्रदेश को महंगाई व बेरोजगारी के दल-दल में धकेला : रघुबीर सिंह तेवतिया

## पूर्व विधायक ने पृथला क्षेत्र के गांवों में चलाया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने क्षेत्र के गांव ततारपुर, नया गांव (फजलपुर), गांव खजूरका, गांव गदपुरी, गांव हरफली आदि में दौरा करके लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने इन कार्यक्रमों में शामिल होकर भाजपा सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रघुबीर सिंह तेवतिया ने कहा कि पूरा प्रदेश बीजेपी-जेजेपी की नीतियों, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी जैसे गैर-जरूरी पोर्टलों, संवादहीनता व संवेदनहीनता से बुरी तरह त्रस्त है, एक कार्यालय से दूसरे कार्यालयों के चक्कर काटते काटते लोग तंग आ चुके है और मन ही मन इस सरकार को कोसने लगे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस सरकार को लगभग 10 साल पूरे हो चुके हैं। इतने ही समय तक कांग्रेस का भी कार्यकाल रहा था। अब समय आ गया है कि दोनों सरकारों के कार्यों व उपलबधियां की तुलना की जाए। जनता जब तुलना करेगी तो वह पाएगी कि बीजेपी व बीजेपी-जेजेपी सरकार के दौरान 5 गुना कर्जा, 4 गुना महंगाई, 3 गुना बेरोजगारी व 2 गुना अपराध बढ़े हैं। श्री तेवतिया ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने हमेशा जनसरोकार को नजरअंदाज करके सिर्फ सत्ता सुख भोगने की राजनीति की है। यहीं वजह है कि जो हरियाणा कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून व्यवस्था और रोजगार देने के मामले में देश का नंबर वन राज्य था। वो आज बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार और नशे के मामले में नंबर वन बन गया है। रघुबीर सिंह तेवतिया ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों व विदेश में पलायन कर रहे हैं। बड़ी तादाद में नौजवान नशे व अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं। पृथला समेत पूरे हरियाणा में सरेआम हत्या व डकैती आम बात हो गई है। खुद केंद्र सरकार की रिपोर्ट बताती है कि हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य है। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बदमाश हरियाणा छोडक़र भाग गए थे। हरियाणा को देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में गिना जाता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान ही प्रदेश में 6 मेडिकल कॉलेज, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट, एम्स-2, 641 सीएचसी-पीएचसी बनीं। जबकि मौजूदा सरकार ना उनमें डॉक्टर मुहैया करवा पा रही है, ना मशीनें और ना ही दवाईयां। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान ही प्रदेश में 43300 करोड़ की लागत से 5 पॉवर प्लांट (4 थर्मल,1 मंजूरशुदा परमाणु संयंत्र) स्थापित हुए। लेकिन मौजूदा सरकार ने एक नई यूनिट नहीं लगाई। यहां तक कि भाजपा-जजपा सरकार ने प्रदेश के शिक्षा तंत्र का भी बंटाधार करके रख दिया है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की जनता भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार का असली चेहरा देख चुकी है इसलिए अब वह प्रदेश में फिर से कांग्रेस के रूप में अपनी सरकार चुनने का मन बना चुकी है, लोगों को इंतजार है तो बस चुनावों को, जब चुनाव आएंगे जनता वोट की चोट में इस गूंगी बहरी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

# विकास न होने के कारण एनआईटी की जनता फाड़ देगी विधायक के कपड़े इसी डर से विधायक ने उतारे अपने वस्त्र : धर्मवीर भड़ाना




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** आज आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना एवं आम आदमी पार्टी जिला सचिव मेहरचंद हरसाना ने अपने एक संयुक्त बयान में कहा कि फरीदाबाद 86 का विधायक नीरज शर्मा अपने क्षेत्र में विकास करने की बजाय नए-नए ड्रामा और नए-नए स्वांग रचता रहता है, फरीदाबाद 86 की हर गली सीवर के पानी से और गंदगी से पटी हुई है शिविरों के ढक्कन खुले हुए हैं नित्य प्रतिदिन उसमें लोगों के गिरकर मरने की खबर आती रहती है, और बात करें पीने के पानी की तो मीठे की एक बूंद को तरसते लोग टैंकरों के सहारे जिंदा है, मूलभूत सुविधाओं की बात करें तो इसमें पानी के बाद बिजली का नंबर आता है जो फरीदाबाद 86 की जनता हमेशा इससे वंचित रहती है बिजली आती नहीं है और लंबे-लंबे बिल लोगों के घर में भेज दिए जाते हैं लगातार बिजली बोर्ड कर्मचारी घरों में घुसकर दिन प्रतिदिन छापेमारी कर मोटा जुर्माना वसूलते हैं यहां तक कि वह घर का दरवाजा बिना खटखटाए गरीब लोगों के घरों में बहन बेटियों की अनदेखी कर अंदर घुस जाते हैं, धर्मवीर भड़ाना एवं मेहरचंद हरसाना का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में यही एनआईटी फरीदाबाद की जनता इस विधायक को और पूर्व विधायक को भी सबक सिखाने का काम करेगी और फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री शिक्षा एवं फ्री स्वास्थ्य की आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने के लिए यहां से आम आदमी पार्टी के विधायक को ही जिता कर हरियाणा के विधानसभा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का काम करेगी, उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस, बीजेपी ,इनेलो सभी पार्टियों को एनआईटी फरीदाबाद 86 की जनता आजमा चुकी है अब बारी आम आदमी पार्टी की है।

# भाजपा सरकार की नाकामी, स्वच्छता सर्वेक्षण में 381 स्थान पर पहुंची स्मार्ट सिटी : सुमित गौड़

### कांग्रेसी नेता ने स्मार्ट सिटी की बदहाली पर सरकार व प्रशासन को लिया आड़े हाथों



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुमित गौड़ ने कहा है कि भाजपा सरकार की लचर कार्यशैली के चलते स्मार्ट सिटी फरीदाबाद को स्वच्छता सर्वेक्षण में देशभर में 381वां स्थान हासिल हुआ है, इससे साबित हो गया है कि सरकार इस जिले को कूड़ा घर बनाने में लगी है क्योंकि इससे पहले 2022 में इस जिले को 36वां स्थान मिला था, मात्र एक साल में यहां इतनी गंदगी और कूड़ा हो गया कि यह जिला स्वच्छता सर्वेक्षण में 381 नंबर तक जा पहुंचा। सुमित गौड़ सेक्टर-10 स्थित अपने कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री गौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार की स्मार्ट सिटी कूड़ा सिटी बनकर रह गई है, जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है, हर तरफ धूल उड़ती रहती है, वाहनों के आने जाने से भी धूल का गुंबार बन जाता है और तो और चाहे पॉश सेक्टर हो या फिर हर जगह गंदगी का बोल बाला है, न तो नगर निगम और न ही एफएमडीए ही शहर को साफ करने में कोई रुचि दिखा रहे है, जिससे स्थानीय निवासी खासे परेशान है। सुमित गौड़ ने कहा कि यह शहर के लोगों के लिए दुर्भागय की बात है कि फरीदाबाद दिल्ली एनसीआर के शहरों में भी सबसे गंदा है, शर्मनाक स्थिति यह है कि प्रदेश के 20 शहरों में भी अपने शहर को 19वां स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि पिछले साल स्वच्छता सर्वेक्षण में फरीदाबाद को 36वीं रैंक मिली थी, लेकिन इस साल रैंकिंग गिरकर 381 पहुंच गई, यानी सीधे 345 रैंक की गिरावट दर्ज की गई है। 446 शहरों की इस रैकिंग में 382वां नंबर आना, यह दर्शाता है कि शहर में सफाई के क्या इंतजाम होंगे? सफाई के नाम पर सिर्फ करोड़ों रूपए के बिल बनाकर भुगतान किया जा रहा है, जबकि काम कुछ नहीं हो रहा। शहर में न तो घर-घर से कूड़ा उठ रहा और न ही सार्वजनिक शौचालयों की सफाई हो रही है। रिहायाशी इलाकों से लेकर शहर के बाजार भी पूरी तरह साफ नहीं है। सुमित गौड़ ने कहा कि उन्होंने स्मार्ट सिटी में गदंगी और बदहाली की आवाज भाजपा सरकार व प्रशासन के समक्ष धरने प्रदर्शन के माध्यम से समय-समय पर उठाई है और वह सरकार को चेताते है कि अगर जल्द ही शहर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ा धरना प्रदर्शन करके सरकार की ईट से ईट बजाने का काम करेंगे।

# भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था : डा. जितेंद्र सिंह

## फरीदाबाद में शुरू हुआ चार दिवसीय इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में पहली बार आयोजित चार दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेसटिवल 2023 का बुधवार को शुभारंभ हुआ, जिसमें केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डा. जितेंद्र सिंह और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित विज्ञान क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि महोत्सव केइस वर्ष का आयोजन अनेक कारणों से खास है, यह ऐसे समय हो रहा है, जब भारत चंद्रयान सहित अन्य सफलता अर्जित कर विश्व के प्रमुख देशों में शामिल है। 1969 में इसरो की स्थापना हुई, उस समय अमेरिका ने मानव मिशन वहां पर उतार दिया, आज भारत दक्षिणी धु्रव पर पहुंचने वाला पहला देश है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के मामले में हम विश्व में अव्वल साबित हुए, अरोमा मिशन के माध्यम से हमने एग्रीटेक स्टार्टअप का हब निकला। 2014 में हम दसवें नंबर पर थे, आज हम विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में है। इंटरनेशनल जनरल भारत का बेहतर भविष्य देख रहे हैं। 2024 में भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त रूप से आगे बढ़ेगा। पांच निर्णय भारत को आगे ले जा रहे है। उनका कहना है कि स्पेस रिफोर्म का क्रांतिकारी निणर्ध्य लिया गया। इससे पर्बलिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत पिछले आठ महीने में एक हजार करोड़ का निवेश आया है। एक स्टार्टअप से 190 स्टार्टअप हुए हैं, राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान में सोच को बदलते हुए 70 प्रतिशत संसाधन और गैर सरकारी सहयोग के आए है, यह गेम चेंजर साबित होगा, छह हजार करोड़ इसके लिए दिया गया है। नेशनल जियो स्पेशनल पॉलिसी के तहत स्वामित्व योजना का जिक्र पूरे विश्व में कियाा जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी सबसे क्रांतिकारी कदम है। उच्चतर शिक्षामंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज उन्हें बहुत खुशी है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के फरीदाबाद की धार्मिक और पौराणिक धरती को इस इंटरनेशनल साइंस फेसटिवल के लिए चुना। उन्होंने कहा कि इसी धरती पर महर्षि वेदव्यास ने महाभारत के 18 महापुराणों की रचना की थी, आज इस धरती पर देश के कोने-कोने आए साइंटिस्ट आज यहां एकत्रित हुए है, यह बहुत ही गौरव का क्षण है। उद्घाटन समारोह नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (एनआईएफ) भारत के निदेशक और आईआईएसएफ 2023 के मुख्य समन्वयक डॉ. अरविंद सी. रानाडे के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुआ।

# देश में रोजगार देने में आखिरी नंबर पर है हरियाणा प्रदेश : अर्जुन चौटाला

## इनेलो युवा राष्ट्रीय प्रभारी ने कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** युवा इनेलो के वरिष्ठ नेता एवं युवा राष्ट्रीय प्रभारी अर्जुन चौटाला ने कहा है कि हरियाणा रोजगार देने में देश में सबसे आखिरी नम्बर पर आ गया है। आज 38 प्रतिशत युवा हरियाणा में बेरोजगार घूम रहा है। एमबीए-बीबीए पास छात्र-छात्राएं आज नौकरी के लिए धक्के खाने के लिए मजबूर है। इनेलो की सरकार बनने पर सबसे पहली प्राथमिकता सरकार की युवाओं को रोजगार मुहैय्या करवाना होगा और हर घर में एक रोजगार अवश्य दिया जाएगा। श्री चौटाला आज सैक्टर-11 स्थित जिला इनेलो कार्यालय में युवा इनेलो द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर युवा इनेलो के जिला प्रभारी नीरज डहनवाल, जिला इनेलो के अध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, महिला जिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, राजा नाहर सिंह के वंशज एवं इनेलो नेता सुनील तेवतिया, बच्चू सिंह तेवतिया, वरिष्ठ नेता विष्णु सूद, राजीव शर्मा, विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर युवा इनेलो के अध्यक्ष अजय चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। युवा इनेलो नेता अर्जुन चौटाला ने कहा कि पूरे प्रदेश में युवाओं की लड़ाई लडऩे के लिए युवा इनेलो पूरी तरह से एकजुट है। इसलिए आगामी 21 जनवरी को कैथल में प्रदेश स्तरीय युवा न्याय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में जाकर युवाओं को इस सम्मेलन में आने के लिए आमंत्रित कर रहे है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में हजारों की तादाद में युवा भाग लेगें और इस अवसर पर युवा के हकों की लड़ाई को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जंगलराज जैसा वातावरण है, न ही पीने का पानी है और सडक़ों में गड्डे है या गड्डे में सडक़ है पता ही नहीं चलता। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी का तमगा देकर जो ढिढ़ोरा पीटा जा रहा था। उसकी भी हाल ही हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में पोल खुल गई है। श्री चौटाला ने युवाओं से कहा कि आने वाला राज इनेलो का होगा और हर व्यक्ति को उसका हक मिलेगा। इनेलो ही सही मायने में ताऊ देवीलाल के सपनों की पार्टी है, अगर प्रदेश में इनेलो की सरकार बनी तो फिर से स्व. देवीलाल की योजनाओं का लाभ लेगें। बुजुर्गों की पैंशन जहां 7500 रूपए होगी। वहीं हर घर में एक सिलेण्डर फ्री दिया जाएगा। प्रत्येक घर को एक नौकरी व बेरोजगारी भत्ता 21 हजार रूपए होगा। इस मौके पर युवा इनेलो के अध्यक्ष अजय चौधरी व जिले के नेताओं को विश्वास दिलाया कि आगामी 21 जनवरी को हजारों की संख्या में कैथल सम्मेलन में भाग लेगें। इस अवसर पर अवनीश चौहान, नवल किशोर शर्मा, दिनेश दलाल, लोकेश बडगुर्जर, कुनाल चौधरी, नवाजीश खान, रवि अलावलपुर, गौतम पहलवान सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

# बिजली उपभोक्ताओं को मिले बेहतर सुविधा एवं सुचारु बिजली : पीसी मीणा

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बुधवार को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सभी उपमंडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने फरीदाबाद ऑपरेशन सर्कल के सभी उपमंडल अधिकारियों के साथ सिलसिले वार सभी बिंदुओं पर समीक्षा की।

प्रबंध निदेशक ने बिजली उपभोक्ताओं के संतुष्टीकरण को लेकर उनको बेहतर सुविधा एवं सुचारु बिजली आपूर्ति करने के लिए करवाए जा रहे सभी विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के नए बनने वाले सब स्टेशनों की भी जानकारी ली। उन्होंने डीएचबीवीएन के दिसंबर-2023 तक बैंक में प्रेषण निर्धारित और प्राप्त राजस्व लक्ष्य की स्थिति व उसके अंतराल के कारण, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में एटीएंडसी एवं वितरण हानि और संग्रह दक्षता की स्थिति, डिफ़ॉल्ट राशि एवं बकाया की स्थिति, उसके बढने. के कारण, पिछले वर्ष की तुलना के साथ वितरण ट्रांसफार्मर की क्षति की स्थिति व क्षति दर, खराब मीटरों को बदलने की स्थिति, इलेक्ट्रो मैकेनिकल मीटर के प्रतिस्थापन की स्थिति, ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने की स्थिति, एलआरपी (शहरी फीडर) की स्थिति व उसके नुकसान, म्हारा गांव जगमग गांव योजना की स्थिति और



प्रगति, कुल आरडीएस फीडर, कार्य पूर्ण, कार्य प्रगति पर या पूरा होने की संभावना और वे फीडर जहां अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है तथा वे फीडर जो 24 घंटे घाटे पर चल रहे हैं। चोरी का पता लगाने की स्थिति का भी जायजा लिया। प्रबंध निदेशक ने मौजूदा वित्त वर्ष में डीएचबीवीएन के लाइन लॉस, वितरण सहित एटीएंडसी लॉस, राशि वसूली एवं संग्रह क्षमता आदि की समीक्षा करते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएचबीवीएन के चीफ इंजीनियर वीके अग्रवाल, एचवीपीएन के एसई अतुल अग्रवाल, एसई फरीदाबाद नरेश कक्कड़, एसई पलवल जोगिंदर हुड्डा, कार्यकारी अभियंता मॉनिटरिंग प्रदीप ढुल, विजिलेंस गौरव चौधरी, एमएंडपी एसपी सचदेवा सहित फरीदाबाद ऑपरेशन के सभी कार्यकारी अभियंता एवं उपमंडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।